रोहतक
शनिवार 14 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 281
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.6
न्यून. 12.3

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



खबर संक्षेप

रामायण' ने 8 दिन में कमाए 1,033 करोड़



नई दिल्ली। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायण पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। इसने रिलीज के महज 8 दिनों में दुनियाभर में 1,033.55 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली फिल्मों की लिस्ट में आ चुकी है। *एजेंसी*

जम्मू-कश्मीर में हथियार ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की सांबा पुलिस ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में सक्रिय हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गातारू गैंग के प्रमुख सदस्यों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हथियार, कारतूस और हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से गिरोह का नेटवर्क काफी हद तक ध्वस्त हो गया है। गिरोह के प्रमुख सदस्यों और अन्य आरोपियों के बीच हुए एक करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन की भी जांच की जा रही है। *एजेंसी*

वनडे में टीम इंडिया की दूसरी सबसे बड़ी हार



माउंट माउंगानुई। टीम इंडिया को 52 साल के वनडे इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। न्यूजीलैंड ने माउंट माउंगानुई में खेले गए सीरीज के चौथे मुकाबले में भारतीय टीम को 244 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट गई। मैट हैनरी ने भारत के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को आउट कर दिया। *एजेंसी*

महादेव सट्टा एपः चंद्राकर 19 तक रिमांड पर



रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने 19 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। शुक्रवार को उसे प्रोडक्शन वारंट पर हथकड़ी लगाकर रायपुर सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया था। बहस के बाद कोर्ट ने ईडी के पक्ष में फैसला सुनाया। 7 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा है।

रामपुर के पूर्व मंत्री का भाजपा से इस्तीफा



शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री एवं रामपुर के पूर्व विधायक सिंघी राम ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। भाजपा में खुद को सहज महसूस नहीं करने की बात कहते हुए अलग होने का निर्णय लिया है।

असम के काजीरंगा में बस और ट्रक की भिड़ंत, 26 लोगों की दर्दनाक मौत

तेज रफ्तार बस सामने से आ रहे कंटेनर से टकराई, परखच्चे उड़े

यात्री अंदर फंसे, गाड़ी काटकर निकाले शव

एजेंसी ▶▶ काजीरंगा

असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई, दर्जनभर घायल भी हुए। मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपये का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है।

मृतकों में ज्यादातर छात्र

बस हादसे में मारे गए ज्यादातर छात्र थे। वे कक्षाएं खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर कोहोरा रेंज स्थित हाथीकुली चाय बागान के पास रंगाजान में बस की ट्रक से टक्कर हो गई। गोलाघाट जिले के एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने संवाददाताओं से कहा, ''हादसे में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मृतकों की पहचान की जा रही है।'' उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

सीएम शर्मा ने जताया दुख

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि काजीरंगा में हुए इस हादसे से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, ''इस हादसे में हुए भारी नुकसान से हम सभी दुखी हैं और जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कोई भी शब्द उनके दर्द को कम नहीं कर सकता, लेकिन मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि वे अकेले नहीं हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा असम उनके साथ खड़ा है।''



मिनी बस के 12 चालान कट चुके

लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिनी बस के अब तक 12 चालान कट चुके थे। इन पर कुल 38,500 रुपये का जुर्माना भरा जा चुका था। हालांकि, 4,000 रुपये का एक चालान अब भी बकाया था। असम में कमर्शियल गाड़ी के ओवर स्पीडिंग करने पर 4,000 रुपये का जुर्माना लगता है।

असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें

केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है।

ड्राइवर ने नियम का पालन नहीं किया

गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

फरीदाबाद में मामूली विवाद में वारदात

साइड मांगने पर एएसआई के बेटे ने 3 भाइयों पर की फायरिंग

ब्रेजा कार लेकर रास्ते में खड़ा था जसवंत हटाने को कहा तो गुस्से में गोलियां चलाईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइड मांगने पर दिल्ली पुलिस में तैनात एएसआई के बेटे ने 3 सगे भाइयों पर फायरिंग कर दी। गोली एक की गर्दन और एक युवक की छाती में लगी। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोप है कि युवक जसवंत अपनी ब्रेजा कार लेकर रास्ते में खड़ा था। कार में सवार तीनों भाई उसे कार हटाने के लिए कहने लगे। इसी दौरान हुए विवाद में जसवंत ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। इसमें प्रशांत (27) और प्रिंस (23) घायल हो गए। तीसरे भाई पीयूष और उसके साले तुषार को गोली छूकर निकली। प्रशांत को हाल ही में बच्चा हुआ था। शुकवार को उसकी छठी होनी थी। घटना के बाद परिवार ने प्रोग्राम कैंसिल कर दिया।

बुआ को लेने दिल्ली रेलवे स्टेशन जा रहे थे

भरत कॉलोनी निवासी पीयूष 12 नवंबर की रात करीब 10 बजे अपने भाई प्रिंस, प्रशांत और उसके साले तुषार के साथ कार में सवार होकर दिल्ली रेलवे स्टेशन जा रहे थे। उन्हें अपनी बुआ को लेना था। घर से करीब 100 मीटर दूर सेंट्रल बैंक के पास कई गाड़ियां खड़ी थीं। रास्ता बंद होने के कारण उनकी कार को निकलने की जगह नहीं मिल रही थी।

गाली-गलौज की और पिस्टल तानी

पीयूष ने ब्रेजा ड्राइवर जसवंत से साइड मांगी तो आरोप है कि उसने कार आगे लगाकर रास्ता रोक दिया। इसके बाद नीचे उतरकर गाली-गलौज की और पिस्टल तान दी। पीयूष के मुताबिक, आरोपी ने विवाद बढ़ने पर गोलियां चला दीं। इनमें एक गोली प्रशांत की गर्दन और एक गोली प्रिंस की छाती में लगीं। दोनों को सेक्टर-21 ए स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके से 3 खोल बरामद हुए हैं।

दो गाड़ियों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं

मणिपुर में उग्रवादियों की फायरिंग में चार की मौत

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हमला इम्फाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में हुआ। दोनों गाड़ियों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ियों के आगे के शीशों पर गोलियों के निशान मिले हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

मरने वालों में दो महिलाएं
■
इस साल झड़पों में कम से कम 50 की मौत

एक दिन पहले भी एक जिले में हुई गोलीबारी

12 नवंबर को कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव और सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास भी गोलीबारी हुई थी। इस घटना में 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो पुरुष घायल हुए थे।

2023 से जातीय संघर्ष जारी

मणिपुर में मई 2023 में घाटी के मैतेई और पहाड़ी इलाकों के कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ था। इस संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की मौत हो चुकी है। 49 लोग अब भी लापता हैं। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

23 मई को होगी जेईई एडवांस्ड की परीक्षा

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली ने शुक्रवार को घोषणा की कि आईआईटी में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड 23 मई, 2027 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी दिल्ली करेगा। जेईई-मेन में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष 2.5 लाख अभ्यर्थियों को जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, 'संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड 23 मई, 2027 को आयोजित की जाएगी। इसमें कहा गया, 'जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10-12 अंकों की डिस्प्ले वाले बेसिक (गैर-वैज्ञानिक) ऑन-स्क्रीन कैलकुलेटर का इस्तेमाल करने की सुविधा मिलेगी।

पहली बार कैलकुलेटर के इस्तेमाल की सुविधा मिलेगी

14 राउंड फायरिंग दहला शहर

गोहाना में रोहतक रोड पर प्रॉपर्टी डीलर की गोलियां बरसाकर हत्या

गोहाना (हरिभूमि न्यूज)। गोहाना में शुक्रवार देर शाम बदमाशों ने सरेआम गोलियां बरसाकर प्रॉपर्टी डीलर बिजेंद्र पहल (43) की हत्या कर दी। वारदात रोहतक रोड पर हुई, जहां बाइक सवार हमलावर पहले से घात लगाकर बैठे थे। बिजेंद्र जैसे ही अपने कार्यालय से निकलकर गाड़ी में बैठने लगे, हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। करीब 14 राउंड गोलियां चलने से पूरा इलाका दहल उठा। गंभीर रूप से घायल बिजेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइक पर फरार हो गए। मूलरूप से गांव गुमड़ निवासी बिजेंद्र पहल फिलहाल गोहाना के आदर्श नगर में परिवार के साथ रहते थे। वह रोहतक रोड पर शिवम प्रॉपर्टी एडवाइजर के नाम से कार्यालय चलाते थे। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह रोजाना की तरह कार्यालय बंद कर घर जाने की तैयारी में थे। इसी दौरान बाइक सवार हमलावरों ने उन्हें निशाना बना लिया। पुलिस ने मौके से करीब 14 खाली खोल बरामद किए हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बिजेंद्र को करीब 10 गोलियां लगी हैं। बिजेंद्र अपने परिवार में तीन बहनों के इकलौते भाई थे। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे जतिन और मोहित हैं।



कार्यालय से घर जाते समय बाइक सवार हमलावरों ने बनाया निशाना

सेवा कोई पेशा नहीं, समाज के प्रति जिम्मेदारी : भागवत

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि करुणा और संवेदनशीलता ही मानवता और समाज की बुनियाद हैं तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को बिना किसी अपेक्षा के दूसरों की सेवा करनी चाहिए। भागवत ने डॉ. संजय पैठणकर को 'विदर्भ गौरव' पुरस्कार प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में कहा, ''सेवा कोई पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। भागवत ने कहा कि किसी संकट में फंसे व्यक्ति की मदद करना, चाहे उससे हमारा कोई व्यक्तिगत संबंध हो या नहीं, मानवता की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है।



एक कार्यक्रम में बोले आरएसएस प्रमुख मोहन

अगले 48 घंटे अहम, 'अकवान' रखा जाएगा नाम

अंडमान सागर में बन रहा नया चक्रवात सिस्टम

नई दिल्ली (एजेंसी)। इसरो के इनसेट-3डीएस सैटेलाइट ने अंडमान सागर के ऊपर बादलों की तेज गतिविधियों को कैप्चर किया है। यहां कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे नए चक्रवात बनने की आशंका है। अगले 48 घंटे में पता चलेगा कि यह सिस्टम मजबूत होकर आगे बढ़ता है या नहीं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि यह और मजबूत होकर चक्रवाती तूफान का रूप लेता है तो इसका नाम 'अकवान' रखा जाएगा। यह नाम ईरान ने सुझाया है। इधर, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी जारी है। इसके असर से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है और सुबह धुंध छाने लगी है। राजस्थान में अगले 2 दिन आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है। उत्तराखंड के 7 जिलों में बारिश की संभावना है।

एक और तूफान

पूर्वी हिस्से में बारिश-तेज हवा चल सकती है, अक्टूबर में एक हफ्ते में दो तूफान आ चुके

दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

दिल्ली शुक्रवार को पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स, यानी एक्यूआई 403 दर्ज किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के आसपास एक्यूआई 478 और आईटीओ इलाके में 455 दर्ज किया गया। दिल्ली का एक्यूआई 334 दर्ज हुआ। यह खतरनाक श्रेणी में आता है। इसके मुताबिक, दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर पाकिस्तान का लाहौर है, जिसका एक्यूआई 197 दर्ज हुआ।

अक्टूबर में शाकाहारी थाली 12%, मांसाहारी थाली 9% तक महंगी

मुंबई (भाषा)। घर में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत अक्टूबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ गई। प्याज, टमाटर, चावल और खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि इसका प्रमुख कारण रही। वहीं, मांसाहारी थाली की लागत में अपेक्षाकृत कम नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। क्रिसिल की मासिक 'रोटी चावल कीमत' रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली की लागत पिछले साल अक्टूबर के 27.8 रुपये से बढ़कर इस साल 31.2 रुपये हो गई। इसी तरह मांसाहारी थाली की लागत 54.4 रुपये से बढ़कर 59.2 रुपये पहुंच गई। हालांकि, मासिक आधार पर अक्टूबर में शाकाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत बढ़ी, जबकि मांसाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत घट गई।

आईआईटी रुड़की में छात्र ने की आत्महत्या, हड़कंप

रुड़की (एजेंसी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में बैचलर आफ साइंस एंड मास्टर आफ साइंस (बीएस-एमएस) द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने गुरुवार देर रात आत्महत्या कर ली है। छात्र की आत्महत्या की सूचना मिलने पर संस्थान परिसर में हड़कंप मच गया है। मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस छात्र की आत्महत्या की वजह को तलाश रही है। अभी छात्र के आत्महत्या करने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। छात्र आयुष राजोरिया (20) पुत्र शैलेश राजोरिया 410 बांके बिहारी शरणम राजनगर एक्सटेन्सन गाजियाबाद उप्र का रहने वाला है। छात्र के माता-पिता भी संस्थान परिसर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जान देने के कारणों का पता नहीं

मार्च के बाद सोना 1.36 लाख से नीचे आया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शादी-ब्याह के लिए सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। सोने की कीमत 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे आ गई है। इससे पहले 23 मार्च 2026 को सोना 1,35,141 रुपये पर आया था। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,808 रुपये गिरकर 1,35,884 रुपये आ गया है, जो एक दिन पहले 1.38 लाख रुपये पर था। इससे पहले 8 जनवरी 2026 को सोना 1,35,773 रुपये पर था। एक किलो चांदी 3,540 रुपये घटकर 1.77 लाख रुपये पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.81 लाख रुपये पर थी। सोना लगातार तीन दिन में 6,536 रुपये और चांदी 8,500 रुपये सस्ती हुई है। 10 नवंबर को सोना 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.86 लाख रुपये किलो थी। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।

3 दिन में 6,536 रुपये सस्ता, चांदी 3,500 गिरकर 1.77 लाख पर आई



सेना के पैरालंपिक नोड, पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

हरियाणा के नरेंद्र, सुरजीत, एकता और पूजा सहित 17 खिलाड़ियों को राष्ट्रपति ने बांटे अर्जुन पुरस्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 प्रदान किए। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलों के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए। इस वर्ष हरियाणा के 4 खिलाड़ियों एकता भ्यान, पूजा हथवाल, नरेंद्र बेरवाल और सुरजीत नरवाल समेत कुल 17 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



एकता भ्यान

पूजा हथवाल



नरेंद्र बेरवाल

पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार राष्ट्रपति मुर्मू ने 84 वर्षीय अरुमैनायगम को अर्जुन पुरस्कार 2025 प्रदान किया

अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में एथलेटिक्स बैडमिंटन, हॉकी और शतरंज के सितारे शामिल

अर्जुन पुरस्कार-2025 के लिए चयनित 17 खिलाड़ियों में मुक्केबाजी से हांसी के नरेंद्र बेरवाल, कबड्डी से सोनीपत के सुरजीत नरवाल और जींद की पूजा हथवाल, पैरा एथलेटिक्स से हिसार की एकता भ्यान, एथलेटिक्स से तेजस्विन शंकर, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी शामिल हैं। बैडमिंटन से ट्रीसा जॉली और पीवीएल गायत्री गोपीचंद, शतरंज से विदित संतोष गुजराथी और दिव्या जितेंद्र देशमुख को यह सम्मान दिया गया। इसके अलावा डेफ शूटिंग से धनुष श्रीकांत, हॉकी से लालरेमसियामी और राजकुमार पाल,, पैरा शूटिंग से रुद्रांश खंडेलवाल, रोइंग से अरविंद सिंह और निशानेबाजी से अखिल श्योराण को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

दिग्गज फुटबॉलर इसायाह अरुमाइनायगम को लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कारः भारतीय फुटबॉल के अनुभवी खिलाड़ी आई. अरुमाइनायगम को खेलों में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया गया।

द्रोणाचार्य पुरस्कारः पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नियमित श्रेणी में एथलेटिक्स के लिए परवीर सिंह, मुक्केबाजी के लिए छोटे लाल यादव और निशानेबाजी के लिए नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं लाइफटाइम श्रेणी में मुक्केबाजी के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

हरियाणा विधानसभा का सत्र 26 नवंबर को

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा का सत्र 26 नवंबर को सुबह 11 बजे शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में प्रशासिनक सचिवों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी गई है।

सुधीर राजपाल की प्रशासनिक शक्तियां 30 नवंबर तक बढ़ाई

चंडीगढ़। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुधीर राजपाल अब 30 नवंबर तक प्रशासनिक सचिव के रूप में अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकेंगे। सुधीर राजपाल वर्तमान में गृह, जेल, आपराधिक जांच एवं न्याय प्रशासन विभाग, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग तथा वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें 26 मई, 2022 और 14 अक्टूबर, 2026 को जारी सरकारी निर्देशों से छूट प्रदान की गई है। इसके तहत वे अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि अर्थात 30 नवंबर तक प्रशासनिक सचिव के रूप में निहित सभी शक्तियों का प्रयोग कर सकेंगे।

संविदा कर्मी 30 तक पंजीकरण करवा सकेंगे

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 एवं नियम, 2025 के तहत पात्र संविदा कर्मचारियों के पंजीकरण और रिकॉर्ड सत्यापन की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर विभिन्न चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी नए कार्यक्रम के अनुसार, पात्र संविदा कर्मचारी अब 30 नवंबर तक पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकेंगे। इसके बाद आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) द्वारा आवेदनों का सत्यापन 15 दिसंबर, 2026 तक किया जाएगा। इसी प्रकार, डीडीओ से प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा सत्यापन 31 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा।

इनेलो ने संगठन का विस्तार किया

चंडीगढ़। इनेलो को अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करके प्रदेश के सभी 23 जिलों में प्रभारी एवं सहप्रभारियों को नियुक्त किया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी करवाकर जोन अध्यक्षों का चयन करेंगे।जोन अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त प्रभारियों में - सिरसा, फतेहाबाद और हिसार की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. सम्पत सिंह को सौंपी गई है। जींद, कैथल, सोनीपत और हांसी के लिए प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, अम्बाला, यमुनानगर और पंचकूला के लिए पूर्व विधायक बडशामी सहित अन्य जिलों में नियुक्तियां की गई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार को मुद्दों पर घेरा

25 लाख नौकरियों का वादा भूले भगवंत मान, अब 60 हजार का गिना रहे आंकड़ा

सीएम नायब ने होशियारपुर और जालंधर में जनसभाओं को संबोधित किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में सत्ता में रही सरकारों ने बड़े-बड़े वादे तो किए, लेकिन प्रदेश को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने के अलावा कुछ नहीं किया। भगवंत मान ने विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब के 25 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन अभी कुछ रोज पहले सोशल मीडिया पर भगवंत मान का एक वीडियो देखा, जिसमें वो कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने 60 हजार नौकरियां दी। पंजाब सरकार स्पष्ट करे कि 25 लाख नौकरियों के वादे का क्या हुआ और श्वेत पत्र जारी करके पंजाब के युवाओं को ये बताएं कि अब तक कितने युवाओं को वास्तव में रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के होशियारपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पंजाब में विकास की गति थम गई और अब आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी जनता की उम्मीदों को तोड़ने का काम किया है। पंजाब की जनता अब इन पार्टियों की झूठी बातों और चुटकुलों से तंग आ चुकी है और प्रदेश में बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच वर्ष से अधिक समय तक पंजाब में राज किया, लेकिन प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने और उन्हें नशे से बचाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने अपने आप को कट्टर ईमानदार बताते हुए पंजाब की जनता को बदलाव का सपना दिखाकर सत्ता हासिल की, लेकिन आज प्रदेश की स्थिति सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने बड़ी उम्मीदों के साथ आम आदमी पार्टी को बड़ा जनादेश दिया था, लेकिन सरकार ने उन उम्मीदों पर खरा उतरने के बजाय पंजाब को विकास के मामले में और पीछे धकेल दिया।



एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती में किया घोटाला

मुख्यमंत्री ने पंजाब की एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग तीन महीने पहले हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों में भर्ती परीक्षा के परिणाम आए थे। हरियाणा में परिणाम जारी होने के बाद उन्होंने पुनहाना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक रैली में मंच से बताया था कि इस क्षेत्र के 29 युवाओं का चयन हुआ है। उन्होंने वहां उपस्थित हजारों लोगों के सामने पूछा था कि यदि कोई यह कह दे कि उसने किसी विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री की सिफारिश लगवाई है अथवा नौकरी पाने के लिए किसी को पांच पैसे भी दिए हैं, तो वे बताएं। यही हरियाणा सरकार की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था है, जहां गरीब परिवारों के बच्चे अपनी मेहनत और योग्यता के आधार पर सरकारी पदों पर चयनित हो रहे हैं। इसके विपरीत पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती के परिणाम को लेकर गंभीर सवाल सामने आए। यहां तक कि दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर एक ही समय में पेपर आयोजित होने के बावजूद दोनों केंद्रों से चयन होने की बात भी विचारणीय है। उन्होंने कहा कि जो लोग कट्टर ईमानदारी का दावा करते हैं, उन्हें इन सवालों का जवाब देना चाहिए।



नशे के सौदागरों का सफाया करेंगे

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि फरवरी में होने वाले पंजाब के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां के नशा कारोबारी या तो यह काम छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे। पंजाब और हरियाणा में नशे के सौदागर नहीं रहने दिए जाएंगे। पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार पंजाब में चुटकुलों वाली नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी की विकास वाली सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह बात शुक्रवार को पंजाब के जालंधर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि छह महीने में नशा खत्म कर दिया जाएगा लेकिन यहां हर दिन नशे की दलदल बढ़ती गई जिसमें यहां की युवा पीढ़ी धंसती चली गई लेकिन सरकार के पास नशा खत्म करने के लिए न तो कोई नीति है और न ही नीयत है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2029 तक देश से नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है जिसे पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत नीति बनाई जा रही है।

स्कूलों को अब पंचकूला ट्रेजरी से जारी होगी ग्रांट, शिक्षक विरोध में

■ हर बिल का जीएसटी बिल जरूरी, स्कूल में काम करने आए श्रमिकों का पैन कार्ड देना होगा

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत दी जाने वाली ग्रांट को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। ग्रांट की राशि हेडमास्टर नहीं निकाल सकेंगे। इसके अलावा बीईओ ही बिल वेरीफाई करेगा। प्रदेशभर के स्कूलों की ग्रांट पंचकूला ट्रेजरी जारी करेगा। ग्रांट खर्च करने के लिए एएनए स्पर्श पोर्टल पर हेडमास्टर को बिल जनरेट करना होगा।

जिसमें हर सामान का जीएसटी बिल चाहिए और स्कूल में किसी काम के लिए मजदूर आया तो उसका पैन कार्ड, बैंक खाता चाहिए। यहीं नहीं सामान की पेमेंट बाद में होगी, लेकिन बिल पहले जमा करवाना होगा। नई व्यवस्था के कारण छोटे-छोटे कार्यों के लिए स्कूल हैडमास्टरों के सामने आफत हो गई है। विरोध में अध्यापक संघ विभाग के फैसले के खिलाफ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध में उतर गया है। अध्यापक संघ ने एसीएस शिक्षा विभाग को इस बारे में पत्र भी लिख दिया है। पत्र में संघ राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने कहा है कि इस प्रणाली से कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। पहले बिल देने का काम मार्केट में कोई भी दुकानदार क्यों करेगा। एसएनए स्पर्श पोर्टल में किसी भी कार्य या सामग्री के लिए बिल पहले जनरेट/अपलोड करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी हर्ष पुत्रः** स्वर्गीय श्री. सुनील **पताः** मकान नं. 24, राठधना, सोनीपत, हरियाणा। **FIR No: 334/2025, U/S 25/54/59 ARMS ACT, थानाः के.एन.के मार्ग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष, FIR No: 334/2025, U/S 25/54/59 ARMS ACT, थानाः के.एन.के मार्ग, दिल्ली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2027** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकाश शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर जिला, कमरा नंबर 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/16435/RD/2026
(Court Matter)

27 साल पुरानी शिक्षक भर्ती में बड़ी राहत, तीन महीने में निर्णय का आदेश

■ 3206 में से 160 अभ्यर्थियों को मिल चुकी नियुक्ति

चंडीगढ़। सरकारी नौकरी की उम्मीद में वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़ रहे हरियाणा के प्राथमिक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अभ्यर्थियों को सुनवाई का अवसर देकर उनकी मांग पर तीन महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित करें। पात्र पाए जाने पर उन्हें तत्काल नियुक्ति का लाभ दिया जाए। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने जगपाल व अन्य की याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में हरियाणा सरकार के उस रवैये को चुनौती दी गई थी, जिसमें पांच अक्टूबर 2026 को दिए गए अभ्यावेदन पर कार्रवाई नहीं की गई थी।

याचिकाकर्ताओं ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 15 नवंबर 1999 को प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) के 3206 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। एक दिसंबर 1999 को साक्षात्कार हुए और सात अक्टूबर 2000 को परिणाम घोषित किया गया।

चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं की सीबीआई ने की थी जांच

चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद सीबीआइ जांच हुई। इसके बाद हाईकोर्ट ने आठ जनवरी 2014 को विजय कुमार एवं अन्य बनाम हरियाणा सरकार मामले में पूरी चयन प्रक्रिया रद कर दी थी। याचिकाकर्ताओं की एक अन्य याचिका का भी इसी फैसले के आधार पर निपटारा हुआ था। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, इसी भर्ती से जुड़ी अन्य अपीलों के लंबित रहने के दौरान पक्षों में सहमति बनी थी। इसके बाद 28 जुलाई 2026 को सरकार ने पत्र जारी कर शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन के दायरे में आने वाले अभ्यर्थियों को भविष्य की तारीख से नियुक्ति देने पर सहमति जताई। पिछली अवधि का वेतन या अन्य परिणामी लाभ देने का प्रावधान नहीं था। इस आधार पर 160 अभ्यर्थियों को नियुक्ति का लाभ मिला। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि वे भी उसी भर्ती में शामिल थे और शैक्षणिक मेरिट के आधार पर चयन के दायरे में आते थे, इसलिए उन्हें भी समान राहत मिलनी चाहिए।

सेना के एमईएस कर्मियों को मिलेगा ग्रेड पे का लाभ

चंडीगढ़। एक ही संवर्ग में काम करने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग वेतनमान देने की सरकारी व्यवस्था पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) में बैरक एवं स्टोर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को 4600 रुपये ग्रेड पे का लाभ देने के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब समान पद पर कार्यरत अन्य कर्मचारियों को यह लाभ दिया जा रहा है तो याचिकाकर्ता कर्मचारियों को इससे वंचित रखना उचित नहीं है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की खंडपीठ ने केंद्र सरकार की याचिका खारिज करते हुए कहा कि विभाग एक ही संवर्ग के कर्मचारियों के साथ अलग-अलग व्यवहार नहीं कर सकता।

Haryana Government Gazette

Published by Authority

© Government of Haryana

No. 45–2026] CHANDIGARH, TUESDAY, NOVEMBER 10, 2026 (KARTIKA 19, 1948 SAKA)

PART-I

Notifications, Orders and Declarations by Haryana Government

हरियाणा सरकार
सिंचाई एवं जल सेवाएं मण्डल
अधिसूचना
दिनांक 3 नवम्बर, 2026

क्रमांक 1006/127 W.– चूंकि हरियाणा के राज्यपाल इस बात से संतुष्ट हैं कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि राज्य सरकार को जनहित एवं लोक व्यय पर भूमिगत पाइपलाइन द्वारा जल वहन हेतु आवश्यक है। ''मसानी बैराज में संचित जल के संरक्षण एवं पुनः उपयोग द्वारा जलाशय का निर्माण तथा सिंचाई क्षमता का विकास'' नामक परियोजना के अंतर्गत मसानी बैराज से उपचारित अपशिष्ट जल को उठाकर जिला गुरुग्राम के ग्राम मोजाबाद स्थित साहिबी नदी बेसिन तक पहुँचाया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित पाइपलाइन संरेखण जिला रेवाड़ी के ग्राम मीरपुर, रोजका, तातारपुर इस्तमुरार, खलियावास की राजस्व सीमाओं से होकर गुजरेगा। इस प्रयोजन हेतु भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित किया जाना आवश्यक है, जिसका विवरण संलग्न अनुसूची में दिया गया है।

और जबकि, हरियाणा भूमिगत पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत भूमि में उपयोग के अधिकार के अर्जन का प्रस्ताव अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, सिंचाई विभाग, चंडीगढ़ द्वारा पत्र संख्या 2/61/2026-1IW दिनांक 20 मई 2026 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था, तथा तत्पश्चात उक्त अधिनियम के अंतर्गत हरियाणा राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1622/1L दिनांक 21 मई 2026 द्वारा अधिसूचना प्रकाशित की गई तथा स्थानीय क्षेत्र में प्रसारित दो समाचार पत्रों, अर्थात् दैनिक जागरण (हिन्दी) एवं द इंडियन एक्सप्रेस (अंग्रेजी) में दिनांक 30 मई 2026 को प्रकाशित की गई;

और जबकि, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है;

हरियाणा पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 4 की उपधारा (1) के अंतर्गत भूमि संबंधी दस्तावेज को हरियाणा सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा ज्ञापन संख्या 28/104/2026-7IW, दिनांक 30 अक्टूबर, 2026, चंडीगढ़ के माध्यम से अनुमोदित किया गया है।

अतः, अब हरियाणा भूमिगत पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 2008 की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल एतद्वारा घोषणा करते हैं कि संलग्न अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार उपर्युक्त लोक प्रयोजन हेतु अर्जित किया जाएगा।

भूमि का नक्शा किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान जिला राजस्व अधिकारी-एवं-सक्षम प्राधिकारी, रेवाड़ी के कार्यालय अथवा कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवा मंडल संख्या-2, रेवाड़ी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

विशिष्टियां

क्र. सं.	गांव व हदबस्त नं.	तहसील	जिला	रकबा (क-म)	मुस्तील नं.	किला नं./खसरा नं. (कनाल-मरला)
1	मीरपुर (274)	रेवाड़ी	रेवाड़ी	6-1	9	12 मिन (0-9), 19/1 मिन (0-7).
					17	2 मिन (0-8), 9 मिन (0-8), 12/2 मिन (0-8), 19/1 मिन (0-4), 19/2 मिन (0-3), 22/2 मिन (0-8).
					19	2/5 मिन (0-8), 3 मिन (0-1), 8 मिन (0-7), 18/1 मिन (0-4), 18/2 मिन (0-4), 23 मिन (0-7).
					31	3/1 मिन (0-4), 3/2 मिन (0-4), 8 मिन (0-8), 13 मिन (0-8), 18 मिन (0-11).
2	रोझका (281)	रेवाड़ी	रेवाड़ी	1-6	20	1/1 मिन (0-9), 2 मिन (0-9), 3/1 मिन (0-8).
3	तातारपुर इस्तमुरार (277)	धारूहेड़ा	रेवाड़ी	2-17	29	17 मिन (0-6), 16 मिन (0-9).
					30	20 मिन (0-13) 19/1मिन (0-4), 18/1/1 मिन (0-9), 17/3 मिन (0-0), 17/1 मिन (0-8), 16/1 मिन (0-8).
4	खलियावास (283)	धारूहेड़ा	रेवाड़ी	5-8	24	6 मिन (0-7), 15 मिन (0-8), 16/1 मिन (0-4), 16/3 मिन (0-4), 25/1 मिन (0-8).
					40	5/1 मिन (0-2), 5/2 मिन (0-6), 6 मिन (0-9).
					28	5/1 मिन (0-4), 5/2 मिन (0-4), 6 मिन (0-8), 15/1 मिन (0-2), 15/2 मिन (0-2), 15/3(0-4), 16/1(0-8), 16/3 मिन (0-0), 25/1 मिन (0-0), 25/2 मिन (0-8),
					38	11 मिन (0-8), 12/1/1मिन (0-1), 12/3 मिन (0-2), 19/1/1/1 मिन (0-4), 19/1/1/2 मिन (0-0), 19/2/1/2 मिन (0-4), 19/2/1/3 मिन (0-1)

पीआरडीएच-1069/11/154/2027/51025/88/6 दि. 13.11.26

हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार
प्रदीप यादव, अधीक्षक अभियंता,
जे एल एन जल सेवाएं परिमंडल, रेवाड़ी।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 295 दिनांक 10.11.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस & 84 जे. जे. एक्ट थाना HSIDC बडी जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- दिलखुश।
पिता का नाम- अनिल राम।
पता - वासी हाल किरायेदार अजय गाँव टेहा हनुमान मंदिर जिला सोनीपत।
उम्र - 14 वर्ष।
कद - 4 फुट 10 ईंच।
हुलियाः रंग गोरा, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
पहनावा - काले रंग की सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2026 को दिलखुश पुत्री अनिल वासी हाल किरायेदार अजय गाँव टेहा हनुमान मंदिर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9416479970
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5599/2027/51009/88/6 दि. 13.11.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.नं. 365 दिनांक 11.11.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- अनुष्का ।
पिता का नाम- सोनु ।
पता वासी गाँव लहराडा जिला सोनीपत।
उम्र -15 वर्ष।
कद -5 फुट।
हुलियाः रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, दुबला पतला शरीर।
पहनावाः हरे रंग का सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.11.2026 को अनुष्का पुत्री सोनु वासी गाँव लहराडा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। जो अब तक घर वापिस नहीं आई हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. 7419410534
अनुसंधानकर्ता मो. नं. -9306902893
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5597/2027/50993/88/6 दि. 13.11.26

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं : बड़ौली

चंडीगढ़। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेश के विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त निकायों और समितियों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें।

■ बोर्ड व निगम चेयरमैनों की बैठक में मंथन

उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं का मूल उद्देश्य आमजन की सेवा और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसलिए हर संस्था यह सुनिश्चित करे कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। मोहन लाल बड़ौली पंचकूला के मोरनी में विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त निकायों और समितियों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करे सरकार

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की किसानों की मांग को पूरी तरह जायज बताते हुए कहा कि कुछ ही महीने पहले 45 रुपये प्रति किलो बिकने वाली चीनी आज खुले बाजार में 65 से 70 प्रति किलो (44%-55% वृद्धि) पर बिक रही है लेकिन चीनी का रेट बढ़ने के बावजूद किसानों को उसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। सरकार की गलत नीतियों के चलते जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गन्ने का भाव 415 से 430 प्रति क्विंटल यानी मात्र 15 प्रति क्विंटल यानी केवल 3% बढ़ाना किसानों के साथ क्रूर मजाक है। हुड्डा ने किसानों की मांग के मुताबिक गन्ने के भाव में वृद्धि करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गन्ना उत्पादक किसान गन्ने का भाव को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो रहे है।

अंडमान-निकोबार जाएगा विधायकों का डेलिगेशन

चंडीगढ़। प्रदेश के विधायकों का एक डेलिगेशन अंडमान एवं निकोबार जाएगा। विधानसभा की यूथ वेलफेयर कमेटी, जिसमें सत्ताधारी और विपक्ष के कई विधायक शामिल हैं, का डेलीगेशन 16 नवंबर को अंडमान-निकोबार के लिए यहां से रवाना होगा।बता दें कि विधानसभा की कई कमेटियां हैं जिनमें सभी दलों के विधायक सदस्य होते हैं। समय समय पर अलग अलग मुद्दों को लेकर ये दूसरे राज्यों का दौरा करते हैं। विधायक हरिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के 10 विधायकों का ये दौरा है। इस दौरे के दौरान सभी विधायक युवाओं, रोजगार और एजुकेशन जैसे मुद्दों को लेकर वहां जानकारी लेंगे। विधायक ये देखेंगे कि युवाओं के विकास व रोजगार संबंधी पहलुओं पर किस तरह से वहां स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। दौरे के बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट विधानसभा को देगी, जिसके आधार पर आगे काम होगा।

■ यूथ वेलफेयर कमेटी 10 मेंबर शामिल

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्र म.	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि / समय
1	ADVT-UMB-BTI-OH-39-22-2	बठिंडा में 720 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल में होर्डिंग / यूनिपोल प्रदर्शित करने के लिए थोक वाणिज्यिक विज्ञापन अनुबंध।	27.11.2026 12.00.00 hrs
2	ADVT-UMB-LHA-OH-386-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के लहरागागा–गुरने खंड में समपार फाटकों / आर.यू.बी. / एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल / होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1440 वर्ग फुट है।	27.11.2026 12.00.00 hrs
3	ADVT-UMB-KARR-OH-388-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल खरड़–फतेहगढ़ साहिब, एवं खरड़.– लाल कलां खंड में समपार फाटकों / आर.यू.बी. / एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल / होर्डिंग वाले 26 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 3748 वर्ग फुट है।	27.11.2026 12.00.00 hrs
4	ADVT-UMB-PTA-OH-385-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के राजपुरा–धुरी खंड में समपार फाटकों / आर.यू.बी. / एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल / होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1152 वर्ग फुट है।	27.11.2026 12.00.00 hrs
5	ADVT-UMB-ABS-OH-390-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के बठिंडा–अबोहर खंड में समपार फाटकों / आर.यू.बी. / एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 04 साइटों, जिनमें यूनिपोल / होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 576 वर्ग फुट है।	27.11.2026 12.00.00 hrs
6	ADVT-UMB-SASN-OH-389-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के मोहाली / खरड़ खंड में समपार फाटकों / आर.यू.बी. / एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल / होर्डिंग वाले 29 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 6346 वर्ग फुट है।	27.11.2026 12.00.00 hrs
7	ADVT-UMB-KARR-OSN-381-26-1	खरड़ रेलवे स्टेशन पर 225 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 09 विज्ञापन बोर्डों, समराला में 210 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 08 विज्ञापन बोर्डों तथा न्यू मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 510 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 17 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	27.11.2026 12.00.00 hrs
8	ADVT-UMB-DUI-OSN-382-26-1	धूरी रेलवे स्टेशन पर 140 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 16 विज्ञापन बोर्डों, संगरूर में 87.5 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 10 विज्ञापन बोर्डों तथा सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 35 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 04 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	27.11.2026 12.00.00 hrs
9	ADVT-UMB-YJUD-OSN-398-26-1	यमुनानगर जगाधरी में गैर–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान, 720 वर्ग फुट क्षेत्रफल तथा जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर 360 वर्ग फुट क्षेत्रफल (विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 1080 वर्ग फुट है) (स्थल योजना के अनुसार)।	27.11.2026 12.00.00 hrs
10	PMBJK-UMB-KLK-PMBJK-3-26-1

खबर संक्षेप

पराली जलाने पर 10 किसानों पर केस दर्ज

करनाल। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक जसविन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में अब तक हरसैक से पराली जलाने के 22 मामले प्राप्त हुए हैं। इनमें कार्रवाई करते हुए 10 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और नियमानुसार कुल 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। संबंधित किसानों की 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर रेड एंट्री की गई है, जिसके चलते वे अगले दो वर्ष तक अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं बेच सकेंगे। ग्राम सचिव साहिल बिन्दल, वर्तमान कार्यरत गांव पूजम तथा ग्राम सचिव परमवीर, वर्तमान कार्यरत गांव ख्वाजा अहमदपुर को आगामी आदेशों तक निलंबित किया गया है। खंड घरौंडा के गांव बरसत निवासी किसान दीपक, नीलोखेड़ी के ईशमा, नन्हा राम, शक्ति सिंह व धीर सिंह, असंध के सुरेश, साजन व शक्ति तथा निसिंग के अगरीत पाल और गुरविन्द्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आर्मी अफसर बनाकर ठगी करने वाला दबोचा

नूंह। जिले में साइबर ठगी के 3 अलग-अलग मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी फेसबुक पर खुद को आर्मी अफसर बताकर लोगों को ठगता था। 2 अन्य पर फर्जी सिम और मोबाइल बेचने का आरोप है। चौथा आरोपी ठगी की रकम अपने बैंक खातों में मंगवाता था। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार के मुताबिक, पहले मामले में पिनगवां के बनारसी गांव निवासी 22 वर्षीय जाहिद को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि वह फेसबुक पर इस्लाम कुरैशी हकीम नाम से फर्जी अकाउंट चलाता था और खुद को आर्मी में काम करने वाला बताता था। वह लोगों को सस्ते दाम पर गाड़ी और अन्य सामान दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था। उस पर सेक्सटॉर्शन के जरिए लोगों को ब्लैकमेल करने का आरोप भी है। उसके पास से मोबाइल और फर्जी सिम मिली है। पूछताछ में उसने 23,058 रुपये की ठगी करने की बात कबूल की।

आरों पर छापे में मिली सरकारी लकड़ियां

नूंह। जिले में शुक्रवार को वन विभाग की टीम द्वारा आरा मशीनों पर निरीक्षण किया गया। सबसे ज्यादा निगाह पुनहाना मंडी पर रही, जो हरियाणा स्तर की लकड़ी के बाजार के लिए बड़ी मंडी मानी जाती है। इसके पीछे मुख्य रूप से मामला वन विभाग फरीदाबाद रेंज के अलीपुर शिकारगढ़ बीट में तैनात एक अधिकारी के निलंबन से जुड़ा है। यह मामला करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार और हजारों टन लकड़ी को अवैध रूप से पुनहाना मंडी में खपाने से जुड़ा है। शुक्रवार को फरीदाबाद और नूंह जिले की वन विभाग की टीम पुनहाना मंडी पहुंची, जहां पर भारी मात्रा में सरकारी पेड़ों की लकड़ियों से लदी हुई गाड़ियां बरामद हुईं। वन विभाग की ओर से यहां पर आरा मशीनों को सील कर दिया गया। इस मामले में फिलहाल हजारों टन लकड़ियों से भरी आधा दर्जन गाड़ियां यहां पर खड़ी हैं। पुनहाना वन रेंज अधिकारी जयपाल ने पुष्टि करते हुए कहा कि सरकारी पेड़ आरा मशीन पर फरीदाबाद से आए हैं, उनकी सुरक्षा के लिए वह मौजूद हैं। इससे पहले फरीदाबाद वन विभाग के अधिकारी यहां पर पहुंचे थे।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के फैसलों से टेक्सटाइल उद्यमी नाराज, रखीं 5 मांगें

टेक्सटाइल के 20 संगठनों से जुड़ी हजारों फैक्ट्रियों में हड़ताल, सड़क पर उतरे उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख्त नियमों और लगातार हो रही कार्रवाई के विरोध में पानीपत के उद्योगपतियों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ऑरेंज और रेड श्रेणी के उद्योगों को राहत दिलाने के लिए हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पानीपत चैप्टर, पानीपत डायर्स एसोसिएशन, पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन सहित करीब 20 औद्योगिक संगठनों के नेतृत्व में हजारों उद्यमियों और श्रमिकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिला परिषद पहुंचकर मुख्यमंत्री, पर्यावरण मंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा। वहीं, आंदोलनकारियों का नेतृत्व कर रहे हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चेप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने कहा कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नीतियों के कारण उद्योगों के सामने कारोबार चलाना मुश्किल हो गया है। बिना पूर्व सूचना थर्ड पार्टी से निरीक्षण करवाकर सीधे क्लोजर नोटिस जारी कर दिए जाते हैं। कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के लिए केवल उद्योगों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। दिवाली के दौरान 15 दिन तक उद्योग बंद रहने के बावजूद पानीपत का एक्यूआई 600 तक पहुंच गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक फैसला नहीं लिया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल और फैक्ट्रियों की चाबियां प्रशासन को सौंपने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। पानीपत डायर्स एसोसिएशन के प्रधान नितिन अरोड़ा ने कहा कि डाइंग उद्योगों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुसार लाखों रुपये खर्च कर उपकरण लगवाए हैं। बोर्ड के निर्देश पर पंजीकृत वेंडरों से भी उपकरण लगवाए गए और फैक्ट्रियों में कैमरे तक स्थापित किए गए हैं। इसके बावजूद अलग-अलग विभागों की ओर से सप्ताह में कई बार निरीक्षण किया जाता है और छोटी कमियों पर भी क्लोजर ऑर्डर दे जाते हैं।

पानीपत के उद्यमियों ने कहा कि पानीपत की पहचान पूरी दुनिया में टेक्सटाइल और हैंडलूम उद्योग के कारण है। मेक इन इंडिया अभियान के बाद यहां हजारों उद्योग स्थापित हुए और चीन से आने वाले कंबल, बेडशीट जैसे उत्पादों का निर्माण पानीपत में होने लगा, लेकिन आज संकट बना हुआ है। उन्होंने दावा किया कि पानीपत में टेक्सटाइल, डाइंग और प्रिंटिंग से जुड़ी करीब 20 हजार औद्योगिक इकाइयां हैं और इनसे लगभग 12 लाख श्रमिकों की आजीविका जुड़ी हुई है। उद्यमियों ने सरकार से मांग की कि पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन बनाते हुए नीति बनाई जाए।



पानीपत। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन करते उद्योगपति व कर्मचारी।

सीधे क्लोजर की जगह सुनवाई का मौका दें



हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चेप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने कहा कि उद्योगपतियों ने सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें थर्ड पार्टी वेंडरों की देरी या तकनीकी खामियों का खामियाजा फैक्ट्री संचालकों को नहीं भुगतना चाहिए। बिना उचित सुनवाई और सुधार का अवसर दिए सीधे क्लोजर ऑर्डर जारी करने पर रोक लगाई जाए। धमीजा ने कहा कि किसी भी कमी पर पहले शो-कॉज नोटिस देकर सुधार के लिए 30 दिन का समय दिया जाए। वहीं, बंद फैक्ट्रियों को दोबारा चालू करने की प्रक्रिया सात दिन में पूरी करने और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े नियमों को व्यावहारिक बनाने की मांग उठाई गई।

रास्ता निकालने में जुटी सरकार : मंत्री ढांडा

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदूषण और उद्योगों पर पड़ रहे प्रभाव, दोनों ही गंभीर चिंता के विषय हैं। प्रदूषण से आम जनता परेशान है, वहीं यदि उद्योग-धंधे बंद होते हैं तो इसका सीधा असर रोजगार और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। इसलिए सरकार ऐसा रास्ता निकालने के प्रयास कर रही है जिससे उद्योग भी चलते रहें और लोगों को प्रदूषण की समस्या से भी निजात मिल सके।

साढ़े 10 करोड़ के टेंडर में मांगे थे 7 लाख

एचएसवीपी का जेई तीन लाख रुपये लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का जूनियर इंजीनियर (जेई) सुरेंद्र कुमार को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। गुरुग्राम की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोचा। टीम के मुताबिक, जेई ने साढ़े 10 करोड़ रुपये के टेंडर से जुड़े काम के बदले 7 लाख कमीशन मांगा था। ये 3 लाख रुपये पहली किस्त के तौर पर लिए जा रहे थे।

मामला सेक्टर 76 और 78 में अंडरग्राउंड केबल बिछाने के टेंडर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता की फर्म को इस काम के लिए 3.46 करोड़ रुपए जारी हो चुके थे। इसके बाद आरोपी ने 2 प्रतिशत कमीशन मांगा था। शिकायतकर्ता की फर्म को एचएसवीपी फरीदाबाद ने सेक्टर-76 और 78 में भूमिगत बिजली केबल बिछाने का 10.50 करोड़ रुपये का टेंडर दिया था। काम के लिए 3.46 करोड़ रुपए की राशि जारी हो चुकी थी। आरोप है कि इसके बाद जेई सुरेंद्र कुमार ने फर्म संचालक से 2 प्रतिशत कमीशन के तौर पर 7 लाख रुपए मांगे। जेई की ओर से रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने पर एसवी एवं एसीबी गुरुग्राम की टीम ने ट्रैप का प्लान बनाई। इंस्पेक्टर जयपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान राजपत्रित अधिकारी के रूप में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गुरुग्राम के सहायक अभियंता ऋषभ मौजूद रहे।

झज्जर में 20 हजार रुपये रिश्वत लेते नोटरी गिरफ्तार, रीडर की भूमिका की भी जांच

झज्जर। विजिलेंस की टीम ने एक नोटरी एडवोकेट प्रवीण कादियान को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी जमीन का नक्शा मंजूर कराने और खेवट अलग करवाने की एवज में नायब तहसीलदार कार्यालय के रीडर और कथित अधिवक्ता प्रवीण कादियान द्वारा 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के आधार पर एसवी एंड एसीबी रोहतक की टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए अधिवक्ता प्रवीण कादियान को 20 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नायब तहसीलदार कार्यालय के एक रीडर की भूमिका की भी जांच की जा रही है। हालांकि, उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

देसी घी के गोदाम पर छापा मारा 8 ब्रांड का 6952 लीटर घी बरामद

हिसार। मिलावटी घी की आशंका पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के साथ मिलकर औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 27-28 स्थित एक गोदाम पर छापेमारी की। यहां आठ अलग-अलग ब्रांडों का करीब 6952 लीटर पैक्ड देसी घी मिला। खाद्य सुरक्षा विभाग ने घी की गुणवत्ता जांचने के लिए 32 सैंपल लिए हैं। इन्हें प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही घी में मिलावट की पुष्टि हो सकेगी। वहीं, जांच के दौरान गोदाम संचालक के खाद्य सुरक्षा लाइसेंस और जीएसटी रिकॉर्ड में भी खामियां सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच में जीएसटी लाइसेंस में दर्ज पते से अलग स्थान पर कारोबार किए जाने की बात सामने आई है। कराधान विभाग ने भी अपने स्तर पर रिकॉर्ड की पड़ताल शुरू कर दी है।



10 में से 5 पशु अस्पतालों पर लटका मिला ताला, 25 में से 14 कर्मी गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में राजकीय पशु अस्पतालों की कार्यप्रणाली जांचने के लिए मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी और गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सुबह करीब 9:30 बजे जिले के 10 पशु अस्पतालों की जांच की गई। इस दौरान पांच अस्पतालों के मुख्य द्वार पर ताला लटका मिला, जबकि विभिन्न अस्पतालों में तैनात कुल 25 कर्मचारियों में से 14 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अस्पतालों के खुलने का निर्धारित समय सुबह 8:30 बजे होने के बावजूद एक घंटे बाद भी पांच केंद्रों पर ताला मिलना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी की टीम ने उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। टीम के साथ पंचायती राज विभाग के बीडीपीओ सिहमा सचिन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में शामिल किया गया था। संयुक्त टीम ने मंडाणा, पटीकरा, शोभापुर, बिगोपुर, कोरियावास, ढाणी बाठोठा, तोताहेड़ी-सिलारपुर, मान्दी, घाटाशेर और हसनपुर स्थित राजकीय पशु अस्पतालों का निरीक्षण किया। टीम ने सभी अस्पतालों में कर्मचारियों की उपस्थिति और मौके पर उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित स्थिति का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की।

सीएम फ्लाइंग की रेड : एक घंटा लेट भी नहीं खुला अस्पताल

निरीक्षण के दौरान ढाणी बाठोठा, मान्दी, घाटाशेर, कोरियावास और हसनपुर के पशु अस्पताल बंद मिले। इन अस्पतालों के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। निर्धारित समय से एक घंटे बाद भी अस्पतालों में कर्मचारियों की मौजूदगी नहीं मिलने पर टीम ने संबंधित स्थिति को अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया। वहीं, शोभापुर पशु अस्पताल में चार कर्मचारियों में से दो अनुपस्थित मिले, जबकि मंडाणा में तैनात तीन कर्मचारियों में से एक कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिला। इसके विपरीत पटीकरा में तीन, तोताहेड़ी-सिलारपुर में दो और बिगोपुर में तैनात दोनों कर्मचारी मौके पर उपस्थित पाए गए।



भारत को 'एक्ट ईस्ट नीति' में करना होगा बदलाव : गुरजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच भारत को अपनी 'एक्ट ईस्ट नीति' को अधिक जन-केंद्रित स्वरूप देना होगा तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ अपने संबंधों को व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, समुद्री सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे व्यापक क्षेत्रों को समाहित करने वाली अधिक महत्वाकांक्षी और समग्र साझेदारी के रूप में विकसित करना होगा। यह पूर्व भारतीय राजदूत एवं आसियान में भारत के पूर्व राजदूत गुरजीत सिंह की नई पुस्तक द ड्यूरियन फ्लेवरः इंडिया एंड आसियान आफ्टर अ डिकेड ऑफ द एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय विचार है। इस पुस्तक का विमोचन बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) द्वारा किया गया। इसके उपरांत दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के बदलते संबंधों तथा उभरती क्षेत्रीय व्यवस्था में आसियान की महत्वपूर्ण भूमिका पर एक सार्थक परिचर्चा आयोजित की गई।



उद्घाटन संबोधन देते हुए चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस, ने कहा, "यह ऐसा संबंध नहीं है जिसे हमें बिल्कुल नए सिरे से बनाना है; बल्कि यह ऐसा रिश्ता है जिसे हमें वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप फिर से खोजना, संजोना और सशक्त बनाना है।"

सांड ने बुजुर्ग को सींगों से उठाकर पटका, मौत

फरीदाबाद। सड़क पर घूम रहे एक सांड ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। काफी दूर से भागकर आए सांड ने उन्हें पहले सींग से उठाकर फेंका, इसके बाद पैरों से रौंदते हुए भाग गया। सांड में हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। 6 दिन तक उनका इलाज चला, मगर इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि फरीदाबाद के डबुआ इलाके में चरण सिंह (70) गुरुद्वारे में माथा टेककर लौट रहे थे। इसी दौरान घर जाते समय सांड ने उन पर हमला किया। 7 नवंबर की रात करीब 8 बजे रोजाना की तरह गुरुद्वारे से घर लौट रहे थे। गली में सामने से आए आवारा सांड ने उन्हें सींगों पर उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे उनकी छाती में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई।

हादसे में मौत, हाइवे पर शव रखकर दो घंटे लगाया जाम

पंचकूला। पंचकूला में पिंजौर-नालागढ़ हाईवे सुखोमाजरी बाइपास टी-प्वाइंट पर हादसों के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी और हंगामा कर जाम लगा दिया। बीती रात को बाइक डिवाइडर और पोल से टकराने पर खेड़ा गांव निवासी करीब 30 वर्षीय विजय की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके विरोध में ग्रामीणों ने विजय का शव हाइवे पर रखकर प्रदर्शन किया और संबंधित विभाग प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार, विजय कुमार पिंजौर के यादविंद्रा गार्डन में नौकरी करता था। गुरुवार शाम वह बाइक से पिंजौर से अपने गांव खेड़ा जा रहा था। सुखोमाजरी-बसौला एरोड्रम के पास टी-प्वाइंट पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में विजय की मौके पर ही मौत हो गई।

जाम लगा रहे ग्रामीणों का कहना था कि टी-प्वाइंट की बनावट ऐसी है कि यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है। इसके कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। दो घंटे जाम के बाद प्रशासन ने डिवाइडर हटवा दिया।

फैसला | शराब तस्करी के आरोपित को जमानत के साथ मिली पौधे लगाने की शर्त

5 पौधे 2 वर्ष तक पालकर फोटो कोर्ट में देने होंगे

- आरोपी से 257 पेटियों में 12,336 शराब के पव्वे बरामद किए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शराब तस्करी के मामले में जेल में बंद आरोपित को अदालत ने नियमित जमानत दे दी है। हालांकि, जमानत के साथ अदालत ने उसे पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपी है। आरोपित को सार्वजनिक स्थान पर स्थानीय प्रजातियों के पांच पौधे लगाने होंगे और अगले दो साल तक उनकी देखभाल करनी होगी। पौधे लगाने के बाद उनकी तस्वीरें अगली सुनवाई से पहले अदालत में भी जमा करवानी होंगी।

मामला कुंडली थाना क्षेत्र में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार, 19 अक्तूबर को एसआई सुखबीर पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर केएमपी हाईवे पर बरोटा टोल के पास सुनील और टिंका को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान रॉयल जनरल ब्रांड की 257 पेटियों से 12,336 शराब के पव्वे बरामद किए गए थे। पुलिस का आरोप था कि शराब बिना परमिट और लाइसेंस के रखी गई थी। इसके बाद दोनों के खिलाफ पंजाब आबकारी अधिनियम की धारा 61 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। पानीपत के गांव जौरासी खास निवासी टिंका ने नियमित जमानत के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोई की अदालत में याचिका लगाई थी। बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपित को झूठा फंसाया गया है और बरामदगी के समय कोई स्वतंत्र गवाह शामिल नहीं किया गया। वहीं, सरकारी पक्ष ने मामले की गंभीरता और जांच पूरी नहीं होने का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया। दलीलों पर आरोपी को जमानत मिल गई।

एक लाख का जमानती बांड भी भरना होगा

अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कथित शराब की बरामदगी हो चुकी है और आरोपित की हिरासत में रखने की अब आवश्यकता नहीं है। इसके बाद एक लाख रुपये के जमानत बांड और इतनी ही राशि की जमानती पर रिहाई के आदेश दिए। साथ ही पांच पौधे लगाने और दो साल तक उनकी देखभाल करने की शर्त लगाई।

ONE MORE CHANCE
HARYANA SIR 2026
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

Your name missing from the Draft Electoral Roll?

If you were marked Absent, Shifted, Dead or Duplicate (ASDD), you can still get your name included in the Final Electoral Roll.

1 Check the list
ASDD lists shall be displayed afresh at Polling Stations, Panchayat Bhawans, ULB & BDO offices and on the CEO Haryana website.

2 Get your form
Your BLO will deliver your enumeration form either physically or by WhatsApp / SMS / e-mail. Or you can download and fill it on the website or the ECINET App by entering the same EPIC number that existed before your name was deleted.

3 Submit to your ERO / AERO / BLO

AT SAME ADDRESS
Enumeration Form + Annexure-B
Mention reason why you couldn't submit enumeration form earlier. Submit yourself, through family, or online on ECINET with e-sign.

SHIFTED WITHIN HARYANA
Enumeration Form + Annexure-C
Submit to the ERO / AERO of the Assembly Constituency where you have shifted. No Form-8 needed.

ALREADY SUBMITTED FORM-6
No need to apply again
Your Form-6 submitted during SIR will be processed.

✓ Same EPIC number that was assigned to you prior to SIR shall be re-assigned once your enumeration form is accepted.

⌂ Homeless? The BLO's field verification will be accepted as residence proof.

NEED HELP?
Voter Helpline 1950 • "Book a call with BLO" on ECINET App
Website ceoharyana.gov.in Facebook /ceoharyana Instagram @ceo.haryana
X @ceoharyana YouTube @ceo.haryana

खबर संक्षेप

फ्यूजन सीएक्स का जर्मन कंपनी इम्पैक्स से करार



कोलकाता। ग्राहक अनुभव समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड ने जर्मनी की इम्पैक्स ग्रुप के अधिग्रहण के लिए समझौता किया है। कंपनी ने पश्चिमी यूरोप में कदम रखा है। इस अधिग्रहण से उसे जर्मन-भाषी बाजार में ग्राहक आधार मिलेगा, जहां अब तक उसकी अपनी परिचालन इकाइयां सेवाएं नहीं दे रही थीं।

रुपया सात पैसे कमजोर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे टूटकर 94.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से अधिक रहने, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों से डॉलर मजबूत हुआ है। इससे ब्याज दरों में आगे और बढ़ोतरी की आशंका मजबूत हुई है।

उद्योग निकाय सियाम ने जारी की रिपोर्ट

यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.19 लाख इकाई

देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.19 लाख इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। अक्टूबर 2025 में यह आंकड़ा 4.62 लाख इकाई था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- यात्री वाहन खंड में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन
- मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का आंकड़ा पार किया
- दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी



सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ''यात्री वाहन खंड ने अक्टूबर में अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया।''

तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़ी

आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 16.1 प्रतिशत बढ़कर 25.78 लाख इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 22.20 लाख इकाई थी। तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री 25.7 प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 82,190 इकाई थी।

पुराने वाहनों को बदलने मिला समर्थन

मेनन ने कहा कि ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में ऋण की बेहतर उपलब्धता तथा पुराने वाहनों को बदलने की मांग से दोपहिया वाहनों की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तिपहिया वाहनों के मामले में अंतिम छोर तक आवागमन की जरूरतें और लोगों का तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करना क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारक बने हुए हैं।

निर्यात में 26 फीसदी का इजाफा

अक्टूबर में कुल घरेलू वाहन थोक बिक्री 15.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 31.26 लाख इकाई रही। निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 6.82 लाख इकाई हो गया। अक्टूबर में वाहनों का कुल उत्पादन 28.6 प्रतिशत बढ़कर 36.19 लाख इकाई रहा। कुल घरेलू बिक्री, निर्यात और उत्पादन के साथ-साथ विभिन्न वाहन खंडों के आंकड़ों में बीएमडब्ल्यू मर्सिडीज, जेएलआर, टाटा मोटर्स और वोल्वो ऑटो के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

स्कूटर की बिक्री 36 फीसदी से अधिक : टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री के आंकड़े केवल कुल यात्री वाहन बिक्री के आंकड़ों में शामिल हैं। दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में वृद्धि मुख्य रूप से स्कूटर की वजह से रही। स्कूटर की बिक्री 31.6 प्रतिशत बढ़कर 10.97 लाख इकाई हो गई, मोटरसाइकिल की बिक्री 6.6 प्रतिशत बढ़कर 14.23 लाख इकाई रही।

अक्टूबर में खुदरा वाहनों की बिक्री घटी : इस महीने की शुरुआत में फाडा की ओर से जारी वाहन पंजीकरण अक्टूबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख इकाई रह गई।

जीएसटी में कटौती के बाद मांग में तेज वृद्धि रही

इस साल धनतेरस और दिवाली नवंबर में आना अक्टूबर में वाहन पंजीकरण में गिरावट की मुख्य वजह रही। पिछले साल नवरात्र और दिवाली दोनों अक्टूबर में थे। साथ ही पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के बाद मांग में आई तेज वृद्धि का भी असर रहा था।

यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 फीसदी बढ़ा

इस बीच, निर्यात के मोर्चे पर सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 प्रतिशत बढ़कर 83,716 इकाई हो गया। दोपहिया वाहनों का निर्यात 26.5 प्रतिशत बढ़कर 5.44 लाख इकाई रहा। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 30.83 लाख इकाई रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 24.56 लाख इकाई थी।

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थमी सेंसेक्स 318 अंक गिरा

मुंबई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.09 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि की आशंका के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी थम गई। सेंसेक्स 318 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 155 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 318.56 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 81,592.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.26 अंक यानी 0.75 प्रतिशत तक लुढ़क कर 81,288.75 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 155.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूटकर 25,144.30 पर बंद हुआ। इस महीने दोनों मानक सूचकांकों में आई यह पहली बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, ट्रेंट और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

दो सुपरकंप्यूटिंग परिसर बनाएगी स्पेसएक्स

ह्यूस्टन (अमेरिका)। स्पेसएक्स ने टेक्सास और एरिजोना में कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए दो सुपरकंप्यूटिंग परिसर बनाने में 74 अरब डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है। स्पेसएक्स ने बताया कि वह टेक्सास में सुपरकंप्यूटिंग सुविधा स्थापित करने के लिए 24 अरब डॉलर से अधिक और एरिजोना में एक अलग परिसर बनाने के लिए करीब 50 अरब डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के अनुसार, दोनों परियोजनाओं के लिए बिजली की अलग-अलग व्यवस्था होगी।

आईसीएफएआई ने अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए 16वां दीक्षांत समारोह मनाया

हैदराबाद। आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन ने 12 नवंबर को हैदराबाद के शंकरपल्ली रोड स्थित 'आर्या कन्वेंशन' में अपना 16वां **UG** ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया। इस समारोह में आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल (हैदराबाद), आईसीएफएआई लॉ स्कूल, आईसीएफएआई टेक, आईसीएफएआई स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, आईसीएफएआई स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर और आईएफएचई बैंगलोर के छात्र शामिल हुए। **MYK LATICRETE** इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष, अमरबीर पाल्टा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के पूर्व कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, रवि वेंकटरमन 'गेस्ट ऑफ ऑनर' (विशिष्ट अतिथि) के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने उन आदर्तों, क्षमताओं और मूल्यों पर चर्चा की, जिनकी जरूरत ग्रेजुएट्स को विश्वविद्यालय से निकलकर इस जटिल दुनिया में कदम रखने पर पड़ेगी।अमरबीर पाल्टा ने अपने करियर की शुरुआत में लिए गए फैसलों और **MYK**



LATICRETE में अपने अनुभवों के आधार पर, एक संतोषजनक पेशेवर जीवन बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि करियर शायद ही कभी किसी तय योजना के अनुसार आगे बढ़ता है। अवसर बदलते रहते हैं, मुश्किलें आत्मविश्वास की परीक्षा लेती हैं, और तरक्की अक्सर किसी एक बड़ी सफलता पर नहीं, बल्कि समय के साथ बार-बार लिए गए सही फैसलों पर निर्भर करती है।अमरबीर पाल्टा ने अपनी सलाह को जीवन के पांच जुड़े हुए सबक के रूप में प्रस्तुत किया। पहला, ''लचीलापन' युवा पेशेवरों को तब ढलने में मदद करता है।

सोने में 2500 रुपये, चांदी में 3500 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,500 रुपये टूटकर 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिवाली के बाद मांग में कमी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार के 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) से 2,500 रुपये गिरकर शुक्रवार को 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी की कीमतों में भी पिछले सत्र में स्थिर रहने के बाद फिर गिरावट आई। चांदी 3,500 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। इसका कारण वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत और दिवाली के त्योहार के बाद खुदरा मांग में कमी है।'' अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड पर प्रतिफल में वृद्धि और डॉलर के मजबूत होने से चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट आई है।

खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत आत्मनिर्भर नहीं, आधा खाद्य तेल आयात करता है : नीति आयोग

नई दिल्ली (भाषा)। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अभी विभिन्न खाद्य उत्पादों की आपूर्ति के मामले में पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। देश अपनी खाद्य तेल की आधी से अधिक जरूरत आयात के जरिए पूरी करता है और दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाहिड़ी ने कहा कि भारत हर साल करीब 1.7 करोड़ टन खाद्यतेल का आयात करता है, जिसका मूल्य लगभग 20 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारत दलहनों का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भी है। दुनिया में कुल दलहनों की खपत में भारत की हिस्सेदारी करीब एक चौथाई है। देश में हर साल लगभग 2.5 से 2.7 करोड़ टन दलहनों की खपत होती है। लाहिड़ी ने कहा, /"हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ विकसित कृषि की बात कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या हम विभिन्न खाद्य उत्पादों की आपूर्ति के मामले में सुरक्षित हैं? शायद अभी नहीं।/"उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि भारतीयों के खाने में इस्तेमाल होने वाला चना ऑस्ट्रेलिया से आता है, जबकि मसूर का आयात ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से किया जाता है। कुछ अन्य दालें म्यांमा, अफ्रीका और रूस से भी आती हैं। उन्होंने कहा कि भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन से खाद्यतेल तथा तिलहन और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, म्यांमा, अफ्रीका और रूस से दलहनें आयात करता है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बीएचईएल में स्थापना दिवस एवं उत्कृष्टता उत्सव का भव्य आयोजन

नई दिल्ली। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने राष्ट्रसेवा में 62 वर्ष समर्पित करने के उपलक्ष्य में अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस समारोह में कंपनी के प्रतिभाशाली कर्मचारियों को कंपनी के 'एक्सेल पुरस्कार' भी प्रदान किए गए। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय भारी उद्योग व इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर श्री संदीप पौण्डरीक, सचिव (इस्पात व भारी उद्योग), सुश्री निगार फातिमा हुसैन, अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (वाणिज्य और उद्योग), श्री विजय मित्तल, संयुक्त सचिव (भारी उद्योग), श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल, निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीएचईएल के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकगण, पूर्व निदेशकगण एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।



सी.एस.आई.आर.- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
CSIR-NATIONAL PHYSICAL LABORATORY
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
(Council of Scientific & Industrial Research)
डा. के.एस. कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली 110012
Dr. K.S. Krishnan Marg, New Delhi 110012

विज्ञापन संख्या Rectt./05/2026
(संक्षिप्त संस्करण)

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली मे अपेक्षित योग्यता को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एम. टी. एस.) के 25 (पच्चीस) पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 23.12.2026 है। विस्तृत विज्ञापन एंव डाउनलोड करने योग्य आवेदन पत्र एनपीएल की वेबसाइट **www.nplindia.in** पर उपलब्ध है।

CBC 36209/11/0005/2627 वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
Executive Engineer Public Works Division, Pusad Dist. Yavatmal
E-TENDER NOTICE NO. 10/2026-2027
Executive Engineer P.W.Dn.Office Pusad Out ward No. 3602/TC/Dt. 30.10.2026

Online item rate e-tender in /B-1 form are invited by Executive Engineer, Public Works Division, Pusad (Telephone No. 07233-246553) e-mail-pusad.ee@mahapwd.gov.in for following works from the contractors Registered with Government of Maharashtra Public Work Department.

Sr. No	Name of work	Estimated Cost (Laks)	Estimated Cost (In figure)	Earnest Money (Rupees)	Cost of e-tender Form Fee Rs. (Non-Refundable)	Time limit for Completion (Including Monsoon)	Contractor appropriate class
1	2	3	4	5	6	7	8
	For Work No.1 To 5 Open Tender						
1	Construction of a Protection wall on the Washim-Pusad-Gunj-Mahagaon-Phulsawangi road SH-51, Chainage 299/00), Taluka Pusad, District Yavatmal.	1500.00	Rs. One Thousand Five Hundred Lakh only	750000.00	Rs. 5000/- + GST= 5900/-	300 Days	Any Competent Contractor
2	Bhajanghar at Shri Dnyaneshwar Sansthan, Vitthal Rukmai Temple, Ward No. 4, Nagar Parishad, Pusad, Taluka Pusad, District Yavatmal	250.00	Rs. Two Hundred Fifty Lakh only	150000.00	Rs. 2000/- + GST =2360/-	300 Days	Any Competent Contractor
3	Shri Hatkeshwar Temple Ward No. 5 Nagar Parishad Pusad Taluka Pusad Dist. Yavatmal	125.00	Rs.One Hundred Twenty five lakh only	125000.00	Rs. 2000/- + GST =2360/-	360 Days	Class-IV and Above
4.	Construction of a cement road and paving work from Birsa Munda Chowk to Annabhau Sathe Chowk in Wards 1, 7, 8, 19, and 10 within the Mahagaon Nagar Panchayat area, Taluka Mahagaon	80.00	Rs. Eignty Lakh only	80000.00	Rs. 1000/- GST =1180/-	300 Days	Class-IV-A and Above
5.	Construction of a Flood Protection wall on a stream at Mauje Vadsad, Taluka Pusad, District Yavatmal-located at chainage 2/200 of the Pusad-Karla-Devthana-Jamnaik MDR-36	80.00	Rs. Eighty Lakh only	80000.00	Rs. 1000/- + GST =1180/-	300 Days	Class-IV-A and Above

Note:-
1 All eligible/interested tenderer are required to be enrolled on portal https://pwd./mahatenders.gov.in
2 Tenderers are requested to contact on following telephone numbers any doubts/ information / difficulty regarding on line enrollment or obtaining digital certificate For any assistance on the use of Electronic Tendering System, the Users may call the below numbers Contact us (NIC) The 24x7 Toll free Telephonic help Desk Number 1800 3070 2232, Mobile No +9787807985/86, +7878007972/731.2.8
3 Tender Issue Date: Schedule as per web site
4 Tender Opening date & Time :- Schedule as per web site
5 Other instructions can be seen in the tender form. All or any one of the tender may be rejected by the competent authority. All details information is available on following web sites. visit Web site for details.
1. http://mahapwd.gov.in
2. http://mahatenders.gov.in

आरओसी-२०२६-२७/क्र-५/C३८१७ Sd/- (M.M.Mathurkar) Executive Engineer Public Works Division, Pusad

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

डिश टीवी का घाटा बढ़कर 295.74 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। डिश टीवी इंडिया का एकीकृत शुद्ध घाटा 2026-27 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 295.74 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी को 132.65 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से राजस्व लगभग स्थिर रहकर 292 करोड़ रुपये रहा। जो एक साल पहले समान अवधि में 291 करोड़ रुपये था। कुल खर्च 36.74 प्रतिशत बढ़कर 590.67 करोड़ रुपये हो गया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू रोहतक में खेल उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के लिए वॉर्म-अप एरिया पर टेनसाइल रूफिंग शैड के ग्रावधान व फिक्सिंग द्वारा सिंथेटिक ट्रैक का अपग्रेडेशन।	12.11.2026 28.11.2026	रु. 42.21 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/51018/I/88/6 दि. 13.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	सी.एम. घोषणा कोड नं. 29362 दिनांक 25.12.2025 के तहत एम.सी. रोहतक की सीमाओं में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा की स्थापना के लिए आकलन।	12.11.2026 23.11.2026	रु. 78.08 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-portal@gurugramgov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/51004/I/88/6 दि. 13.11.26

शब्द पहेली - 6406



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

ऊपर से नीचे
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली- 6405 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	गा	■	ह	रा
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	स्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	या	र	■	र	च	ना
स	दा	■	च	क्षु	■	न	भ	■	रा	ल



पीएम ने कर्नाटक में 'कॉसमॉस-मैसूर तारामंडल' का उद्घाटन किया

देश का पहला एलईडी डोम तारामंडल बना, देश का स्पेस मिशन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित

भारत में विज्ञान-आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं: प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ मैसुरु (कर्नाटक)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता साथ-साथ चलते हैं और भारतीय युवा खगोल भौतिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। मोदी ने मैसुरु विश्वविद्यालय की स्थापना करने और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के लिए जमीन दान देकर देश में विज्ञान को बढ़ावा देने के मैसुरु के शाही परिवार के प्रयासों को सराहा। वह यहां चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में मैसुरु विश्वविद्यालय परिसर में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि भारत में आध्यात्मिकता और विज्ञान साथ-साथ चलते हैं। आधुनिक उपकरणों के अभाव के बावजूद हमारे पूर्वजों ने ब्रह्मांड और ग्रहों की गति का बहुत बारीकी से अध्ययन किया था। हमारे प्राचीन खगोलविदों ने ब्रह्मांड का अध्ययन करने के लिए जटिल गणितीय गणनाएं की थीं।"

पीएम बोले कुछ माह पहले ही मैं विवेका स्मारक के उद्घाटन के लिए यहां आया था



शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा

मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की सफलतापूर्वक 'डॉकिंग' और 'अनडॉकिंग' की तथा पिछले साल एक भारतीय शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा। उपग्रहों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और उन्हें अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है।

बोले-हमारे उपग्रह मछुआरों की मदद करते हैं

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय युवाओं ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पदक जीते। सरकार की नीति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया, जिससे उन्हें अपने रॉकेट प्रक्षेपित करने का मौका मिला। मोदी ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष मिशनों का उद्देश्य मानवता का कल्याण है। हमारे उपग्रह मछुआरों की मदद करते हैं।

प्रधानमंत्री ने किया बेंगलुरु मेट्रो में सफर, काउंटर से भी खरीदा टिकट



15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत

बेंगलुरु। मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की बदौलत देश पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा हुए संकट का मजबूती से सामना कर सका। मोदी यहां नवीकरणीय ऊर्जा और पेट्रोलियम बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाएं सहित 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईरान और खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध ने यह रेखांकित किया है कि ऊर्जा सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण है हालांकि, पिछले एक दशक में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों ने हमें इस संकट का आत्मविश्वास के साथ सामना करने में मदद की है।'प्रधानमंत्री मोदी ने 13 नवंबर 2026 को बेंगलुरु में मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया और खुद टिकट काउंटर से यूपीआई से टिकट खरीदकर मेट्रो में सफर किया।

ईडी ने पठानकोट के पूर्व एडीसी और खनन कारोबारी को किया गिरफ्तार

तलाशी के दौरान पौने 2 करोड़ कैश मिला, 31 बैंक खाते फ्रीज

पठानकोट। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पंजाब के पठानकोट के पूर्व एडीसी कुलदीप सिंह और खनन कारोबारी निपुण महाजन को गिरफ्तार किया है। दोनों को जालंधर की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश कर 16 नवंबर तक रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने पठानकोट में इंटरनेशनल बॉर्डर से सटी रावी नदी की 92 एकड़ शामलात जमीन को गलत ढंग से ट्रांसफर किया। इसके बाद उस पर अवैध खनन किया। ईडी की जांच विजिलेंस ब्यूरो अमृतसर की 9 अगस्त 2023 को दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। ईडी के मुताबिक दोनों ने 367 करोड़ का गबन किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के खाते से पौने 2 करोड़ का कैश मिला। एजेंसी ने 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए।

धोखाधड़ी से शामलात जमीन लोगों के नाम की



ईडी के मुताबिक विजिलेंस ब्यूरो अमृतसर ने 9 अगस्त 2023 को एफआईआर दर्ज की थी। जिसके मुताबिक पठानकोट के गांव भटियान में ग्राम पंचायत गोल की 734 कनाल 1 मरला यानी करीब 92 एकड़ शामलात जमीन को कथित तौर पर धोखाधड़ी से निजी व्यक्तियों के नाम ट्रांसफर कर दिया गया। यह जमीन रावी नदी के किनारे अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक स्थित है। जांच में सामने आया कि शामलात जमीन के हस्तांतरण का आदेश जल्द जारी करवाने के लिए एक बिचौलिए के माध्यम से कुलदीप सिंह तक अनुरोध पहुंचाया गया। ईडी के अनुसार, कुलदीप सिंह ने स्वीकार किया कि उन्होंने 27 फरवरी 2023 को निजी दावेदारों के पक्ष में आदेश जारी किया था। यह उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक एक दिन पहले की कार्रवाई थी। ईडी ने 16 जुलाई 2026 को मामले से जुड़े 16 ठिकानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान निपुण महाजन के ठिकानों से 1.75 करोड़ नकद बरामद किए गए। उससे और उसके सहयोगियों से जुड़े 31 बैंक खाते फ्रीज किए गए, जिनमें 18 जुलाई 2026 तक कुल 2.91 करोड़ रुपए जमा थे। जांच में कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले।

दिल्ली: चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विक्रम सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपियों की पहचान मोहम्मद रियाद हुसैन (28), आसिफ मिया (42), मोहम्मद शाबान इस्लाम (18) और मोहम्मद फारूकी हुसैन (41) के रूप में हुई है। चारों बांग्लादेश के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि चारों यूनान का वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि बाहरी जिले के विदेशी नागरिक प्रकोष्ठ को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक मंगोलपुरी रेलवे स्टेशन के पास घूम रहे हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर निगरानी शुरू की। पुलिस को देखकर संदिग्धों ने कथित तौर पर अलग-अलग दिशाओं में जाने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ और सत्यापन के दौरान चारों वैध पहचान और यात्रा संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

चारों यूनान का वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे थे

फर्जी पुलिसकर्मियों का गिरोह पंजाब में पकड़ा



लुधियाना। लुधियाना में पुलिस की अधूरी वर्दी पहनकर खुद को पुलिसकर्मी बताने और लोगों को डराकर वसूली करने वाले गिरोह का फोकल पॉइंट पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी बीजा कार में घूमते थे और दुकानों पर जाकर लोगों से जबरन पैसे वसूलते थे। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक साथी फरार है। डीसीपी हरपाल सिंह ने बताया कि 12 नवंबर को एएसआई बलजिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से गिरोह के बारे में सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर प्रिंस, गुरविंदर सिंह, सुरिंदरपाल सिंह और अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान प्रिंस (होम गार्ड) निवासी आनंद नगर, खन्ना; गुरविंदर सिंह निवासी गांव रहौण, तहसील खन्ना; सुरिंदरपाल सिंह निवासी गांव संगतपुरा और अजीत कुमार निवासी प्रीतम कॉलोनी, 33 फुटा रोड, ग्यासपुरा के रूप में हुई है। सिमरनजीत सिंह निवासी खन्ना अभी फरार है।

चार पंजाब पुलिस की गिरफ्त में, एक फरार

घर में नजरबंद, बाहर 25 जवान तैनात : वांगचुक

एजेंसी ▶▶ लेह

क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने गुरुवार रात वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के बाहर भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। पुलिस उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दे रही है। दूसरी तरफ लद्दाख पुलिस का कहना है कि यह हाउस अरेस्ट नहीं है। यह चुनाव के दौरान लागू निषेधाज्ञा का पालन है। वांगचुक और लद्दाख के संगठन 4 दिसंबर को होने वाले पहाड़ी परिषद चुनाव को सर्दियों में कराने का विरोध कर रहे हैं। पुलिस ने एक दिन पहले ही वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया था। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके घर लेकर गई थी।



लद्दाख परिषद चुनाव का विरोध करने वाले थे, लेह आने-जाने पर 60 दिन तक रोक

अंकिता भंडारी: टीवी एक्ट्रेस उर्मिला का होगा नार्को टेस्ट

एजेंसी ▶▶ देहरादून

अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में देहरादून के सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को टेलिविजन एक्ट्रेस उर्मिला सनावर के नार्को और पॉलीग्राफी टेस्ट के आदेश जारी कर दिए। सनावर के वकील ने बताया है कि टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में किए जाएंगे लेकिन फिलहाल टेस्ट कब होंगे इसकी तारीख तय नहीं की गई है। वकील शिवानी तोमर ने बताया कि 'कोर्ट में सुनवाई के दौरान नार्को और पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए सहमति दी गई है और बयान को भी रिकॉर्ड में ले लिया गया है। यह टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में किए जाएंगे।



देहरादून के सीबीआई कोर्ट ने दिया आदेश, टेस्ट गुजरात में किए जाएंगे

ईडी ने दिल्ली कार्यालय में आजम से पूछताछ की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान से शुक्रवार को दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री खान को बृहस्पतिवार को गाजियाबाद की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से जुड़ी विशेष अदालत ने चार दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केंद्रीय एजेंसी ने 31 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश में रामपुर जेल के बाहर से उन्हें गिरफ्तार किया था।

खबर संक्षेप

पंजाबः पराली जलाने के मुद्दे पर बदनाम कर रहे

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि वे पराली जलाने के मुद्दे पर केवल इस राज्य को बदनाम करते हैं। मान ने कहा कि भाजपा नेताओं ने धान की कटाई शुरू होने से पहले ही पंजाब को दोष देना शुरू कर दिया था।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कल मोदी से मिलेंगे

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी 15 नवंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और राज्य में सूखे जैसे हालात से निपटने के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता मांगेंगे। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री को 'अल नीनो' के प्रभाव के कारण राज्य में बारिश की कमी और कृषि, किसानों तथा ग्रामीण आजीविका पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जानकारी देंगे।

प्रोफेसर से मारपीट पर पीएचडी पंजीकरण रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने उस शोधार्थी का पीएचडी पंजीकरण रद्द कर दिया है जिस पर अगस्त में एक वरिष्ठ प्रोफेसर के साथ मारपीट करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप है। साथ ही शोधार्थी के तीन साल तक परिसर में प्रवेश करने पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

सेना ने नाथूला में फंसे 900 पर्यटकों को बचाया

गंगटोक। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने भारी बर्फबारी के कारण पूर्वी सिक्किम में नाथूला, बाबा मंदिर और सोमगो झील के पास फंसे 900 से अधिक पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चुनौतीपूर्ण मौसम परिस्थितियों के बीच यह बचाव अभियान चलाया गया।

चिंतन

अच्छी सड़कों के बाद अब हादसों पर लगाम जरूरी

सड़कों का विकास किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण पैमाना है। बेहतर सड़कें आवागमन आसान बनाती हैं, समय और ईंधन बचाती हैं तथा कारोबार को गति देती हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ तभी है, जब सफर सुरक्षित भी हो। देश में एक्सप्रेसवे, हाइवे और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। असम के काजीरंगा में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत इसी गंभीर चुनौती की याद दिलाती है। इस हादसे में करीब 23 लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह तथ्य चिंताजनक है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस के पहले ही 12 चालान कट चुके थे। सवाल है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ता रहा? केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े देश में सड़क सुरक्षा की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में 5,13,563 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,83,382 लोगों की जान चली गई। यानी हर दिन औसतन 500 से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ रहे हैं। हर साल 4.71 लाख से अधिक लोगों का घायल होना भी बताता है कि सड़क दुर्घटनाएं कितने बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले चुकी हैं। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में करीब 70.3 प्रतिशत हिस्सेदारी ओवरस्पीड की है। गलत दिशा में वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और हेलमेट या सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना भी जानलेवा साबित हो रहा है। हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत से अधिक युवा हैं। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में 46.2 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहन चालकों की है। स्पष्ट है कि सड़क पर सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनके पास सुरक्षा के साधन भी सीमित हैं। सड़क सुरक्षा की समस्या का समाधान केवल नए हाइवे बनाने या दुर्घटना के बाद मुआवजा देने से नहीं होगा। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने, वाहनों के परमिट रद्द करने और उनकी फिटनेस की अनिवार्य जांच जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए कैमरों, स्पीड गन और तकनीक आधारित निगरानी का दायरा बढ़ाना होगा। इसके साथ ही सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को दूर करना, ब्लैक स्पॉट चिह्नित करना, पर्याप्त संकेतक लगाना और दोपहिया चालकों के लिए सुरक्षित लेन जैसी व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस, प्रशिक्षित बचाव दल और ट्रॉमा सेंटर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सड़क सुरक्षा केवल सरकार या यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियां जीवन बचा सकती हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा को जागरूकता अभियान तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब सड़कें केवल तेज रफ्तार और सुविधाजनक सफर का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी बनें।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते कदम

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब सयुंक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति बनी है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है। दुनिया इस समय ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जिनमें पुरानी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सीमाएं स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका-चीन के बीच राजनीतिक स्पर्धा, वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद और तकनीकी वर्चस्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जटिल बना दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक संस्थाएं भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने में कठिनाई महसूस कर रही हैं। ऐसे समय में भारत के सामने अवसर भी हैं और जिम्मेदारियां भी। सवाल महज यह नहीं है कि भारत विश्व की प्रमुख तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा कि नहीं, बल्कि यह भी है कि वह अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया को अधिक महत्वपूर्ण और न्यायपूर्ण संतुलित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? पिछले दस सालों में भारत जिस तरह से दुनिया के लिए विश्वसनीय देश बनकर उभरा है, उसमें वैश्विक भूमिका निभाने के अवसर अब साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। पिछले दिनों घटनाक्रमों के वैश्विक घटनाक्रम पर नजर दौड़ाएं तो साफ दिखाई दे रहा है कि भारत की भूमिका दुनिया में सबसे सशक्त और निष्पक्ष बात करने वाले देश के रूप में हर मंच पर स्वीकार की जा रही है। वह चाहे ब्रिक्स हो, संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई संस्था हो। भारत ने वैश्विक मंच पर जिस तरह से एक जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है, उससे दुनिया के देश भारत को एक नेतृत्वकर्ता शक्ति सम्पन्न देश के रूप में सम्मान देने लगे हैं। यही वजह है अमेरिका, चीन, सऊदी अरब जैसे देश भारत के बढ़ते प्रभाव से बेचैन दिखते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन यह बताता है कि भारत वह भारत नहीं रहा जो तीन-चार दशक पहले था। आज भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता होने के कारण दुनिया बेहद आशापूर्ण नजरों से देख रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत के सामने आंतरिक चुनौतियां कम नहीं है। ये चुनौतियां ऐसी हैं जिसका समाधान जमीनी स्तर पर नहीं किया गया तो कई और बेहद गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यानी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक वैश्विक मंच पर अपनी बेहतर भूमिका और जिम्मेदारी के तहत अपनी छवि को बरकरार रखना और दूसरी देशविरोधी



ताकतों को उभरने से रोकना और विकास दर को लगातार बढ़ाते रहना व साम्प्रदायिक सद्भाव को हर कीमत पर बनाए रखना। सितंबर 2026 में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्कता की चर्चा को केंद्र में रखा। भारत के लिए ब्रिक्स महज आर्थिक मदद का मंच नहीं, बल्कि विकासशील देशों की समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का बेहतरीन अवसर भी है। खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, विकास वित्त और तकनीकी असमानता ऐसे विषय हैं, जिन पर भारत प्रभावी ढंग से पहल कर सकता है। इसके माध्यम से पश्चिम एशिया के बढ़ते घटनाक्रम को किसी नकारात्मक परिणाम पर पहुंचने से रोकने की जो कवायदें की गईं, उससे ब्रिक्स की अहमियत सारी दुनिया ने अनुभव किया। भारत जिस तरह से ब्रिक्स के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से रखता रहा है, उससे साफ है कि सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर, वह चाहे जलवायु परिवर्तन हो या ग्रीन हाउस गैसों की कटौती का मामला हो, अमेरिका के दबाव में आने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की रणनीतिक स्वयत्तता खास महत्व रखती है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीक और व्यापारिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। रूस के साथ ऐतिहासिक रक्षा सहयोग और ऊर्जा संबंध हैं। चीन के साथ सीमा विवाद तथा आर्थिक प्रतिस्पर्धा की परिस्थितियां हैं। यूरोपीय देशों के साथ निवेश और तकनीकी सहयोग की संभावनाएं हैं। वहीं पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की किसी एक शक्ति के प्रभाव में आए बिना अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में निर्णय लेने होंगे। लेकिन वैश्विक प्रतिष्ठा का मूल्यांकन महज विदेश नीति से नहीं होता। देश की आंतरिक आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती है। भारत की अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, परिवहन, आंतरिक अनुसंधान और विनिर्माण के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। इसके बावजूद विकास का फायदा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती है। सरकार के सामने महंगाई और रोजगार के अलावा स्वास्थ्य ऐसे बड़े सवाल हैं जिनका सीधा संबंध आम आदमी से है। सितंबर 2026 में भारत की खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जबकि खाद्य महंगाई दर 7.74 प्रतिशत रही। अक्टूबर के लिए अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पहुंच गई। इसकी वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों को प्रभावित करती है। इसलिए आर्थिक विकास के साथ महंगाई पर नियंत्रण और रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसी तरह रोजगार के मोर्चे पर भी विकास की गुणवत्ता का सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। 10 नवंबर 2026 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी दर में मामूली घटकर 5.1 दर्ज की गई। यदि हम देश के सामने चुनौतियों पर समग्र रूप से नजर डालें तो रोजगार में गिरावट, महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, स्वास्थ्य सेवा-क्षेत्र में नकली दवाइयों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं और मौतों का बढ़ता आंकड़ा और जलवायु परिवर्तन की वजह से कृषि क्षेत्र में बढ़ती तमाम तरह की चुनौतियां, यह स्पष्ट करती हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को और भी कारगर कदम उठाने होंगे जिससे आंतरिक चुनौतियों से निपटा जा सके। अभी केंद्र सरकार के सभी फैसले जनहित में रहे हैं, लेकिन और भी बेहतर करने की जरूरत है जिससे सब का साथ, सब का विश्वास, सब का प्रयास और सब का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्पष्ट दिखाई दे।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

बाल दिवस विशेष
रोहित कौशिक



बचपन बचाने की सतही चिंता

बच्चे किसी भी समाज या राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि यहां बचपन बचाने की चिन्ता मात्र खोखले आदर्शवाद के दायरे में ही सिमट कर रह गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यावसायिकता से परिपूर्ण एवं भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में सम्पूर्ण वर्ष हमें बच्चों का ख्याल ही नहीं आता है और बचपन बचाने की चिन्ता का यह पिटारा बाल-दिवस के आसपास खुलता है। इसके बाद समाज का बुद्धिजीवी वर्ग सक्रिय हो उठता है और उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि आज बच्चों का बचपन कैसे बचाया जाए। यदि मात्र बाल दिवस पर परिचर्चाएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर पूरे वर्ष चुप बैठने से ही इस प्रश्न का हल ढूंढा जा सकता तो अब तक बच्चों के बचपन पर छाई धुन्ध हट गई होती । यह विडंबनापूर्ण ही है कि आज बच्चों के बचपन पर छाई धुंध और गहराती जा रही है। आज एक ओर विभिन्न चैनलों द्वारा टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता से बच्चों का बचपन असुरक्षित होता जा रहा है तो वही हिंसापूर्ण फिल्में बाल भावनाओं को विकृत कर रही हैं। कहीं बस्तों के बोझ से बच्चों का बचपन दब गया है तो कहीं शिक्षा के अभाव में बच्चे दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। एक ओर बच्चे मानवीय अत्याचार से पीड़ित हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक विघटन का असर बच्चों पर पड़ रहा है। आशानुरूप परिणाम न मिलने के कारण माता-पिता के डर से अनेक बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह की अनेक घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। आज बच्चों के बचपन से सम्बन्धित ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गम्भीरता के साथ पुनर्विचार की आवश्यकता है। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सस्पेंस ,थ्रिलर, हॉरर शॉ और सोप ओपेरा देखने वाले बच्चे जटिल मनोवैज्ञानिक समस्याओं से प्रभावित हो जाते हैं। आज यह भी देखने में आ रहा है कि हम अक्सर बच्चों के मनोविज्ञान को समझे बिना अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। ऐसे में बच्चे जिस अन्तर्द्वन्द्व की अवस्था से गुजरते हैं, वह अन्ततः अनेक समस्याओं को जन्म देता है। यदि बच्चों की इच्छाओं के समक्ष घुटने टेक दिए जाएंगे तो उनके और अधिक जिद्दी बनने और गलत रास्ते पर चलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम बच्चों की इच्छाओं को कोई महत्व ही न दें।

अमूमन होता यह है कि हम शुरू में बच्चे को बहुत अधिक प्यार करते हैं। ऐसे में माता-पिता से बच्चे की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। अपनी इन्हीं अपेक्षाओं के अनुरूप जब बच्चा अपनी इच्छाएं माता-पिता से बताता है तो वे उसे डांट-फटकार कर चुप कर देते हैं। माता-पिता का यह व्यवहार ही बच्चों को विद्रोही एवं चिड़चिड़ा बना देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रारम्भ से ही बच्चों के साथ एक संतुलित रवैया अपनाएं। बच्चों को ठीक ढंग से समझने के लिए हमें अपने अंदर एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि भी विकसित करनी होगी। हमें कोशिश करनी होगी कि हम बच्चों को विश्वास में ले सकें। अक्सर यह देखने में आया है कि माता-पिता स्वयं जिस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाते हैं वे उस लक्ष्य तक अपने बच्चों को पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वे इस जुनून में यह भी परवाह नहीं करते कि वास्तव में बच्चे की अपनी इच्छा क्या है? वे यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे में उस लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता है भी या नहीं। निश्चित रूप से बच्चे के उज्जवल भविष्य का स्वप्न देखना और उस स्वप्न को साकार करने का प्रयास करना गलत नहीं है, लेकिन यह सब यथार्थ के धरातल पर होना चाहिए। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-2 कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। बच्चों को आया या नौकर के सहारे छोड़ दिया जाता है। व्यावसायिकता के इस दौर में किड गार्डन संस्कृति भी खूब फल-फूल रही है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं लेकिन समस्या तब आती है, जब अत्यधिक व्यवस्ता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पति और पत्नी दोनों का काम पर जाना मजबूरी होती है लेकिन महानगरों में दोनों ही अपनी अलग-अलग जिन्दगी जीना चाहते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन-पोषण के लिए मात्र सुख-सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है, उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज हमने और अधिक पैसा कमाने की होड़ एवं आधुनिक बनने के चक्कर में मानवीय मूल्यों को भी तिलांजलि दे दी है। इस दौर में बचपन बचाने की सतही चिंता छोड़कर हमें पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर कुछ ठोस प्रयास करने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संयमहीनता लक्ष्य विमुख कर देती है



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि भरत! तुम्हारे जीवन में तो धर्मसार है। भरत में यदि किंचित मात्र भी मैं होता तो वे लोक, वेद, राजनीत या साधुनीति में से किसी एक का खंडन अपने स्वाभिमान के नाम पर अपनी स्थापना कर देते।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

अंतर्मन

ओवैसी और चंद्रशेखर साथ आए



आज की पाती

इस बार भी मनाई गई धुएं वाली दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया गया। दीपावली के त्योहार पर हर बार अपील होती है कि इसे इस तरह मनाया जाए कि प्रदूषण न फैले और अग्निकांड भी न हों। परंतु हर बार की तरह इस बार भी धुएं वाली दिवाली मनाई गई और लोगों ने खूब पटाखे फोड़े। आश्चर्य की बात तो यह है कि रात दो बजे भी पटाखे चलते सुने गए। अब दिवाली खत्म हो गई है, परंतु पटाखे अब भी चल रहे हैं। दिल्ली सहित हर प्रदेश में खूब प्रदूषण फैला। वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार हर शहर और कस्बे को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ी। स्वच्छ हवा में सांस लेना तक मुश्किल हो गया। आग की घटनाएं भी इस बार पहले की अपेक्षा बढ़ गईं।
- सुनीता शर्मा, पंचकूला

ट्रेंड

टीबी से मौतों में कमी



टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उत्साहजनक परिणाम दिखा रही है! डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2026' भारत की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाती है। 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौतों में 38% की कमी आई है, जो 35% की वैश्विक गिरावट से बेहतर है।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

केंद्र सरकार की आदत



केंद्र सरकार की आदत बन गई है कि वह हर बात के लिए पंजाब को दोष देती है। हमारी सरकार के सहयोग, मशीनों की उपलब्धता और किसानों की जागरूकता की बदौलत, इस बार पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है।
- भगवंत मान, सीएम, पंजाब

महापर्व 'छठ पूजा'



लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' का पहला अनुष्ठान 'नहाय-खाय', शरीर और मन की शुद्धि, आत्मा की पवित्रता और सूर्य देव की उपासना के पावन संकल्प का प्रतीक है। हमारी सरकार ने इस वर्ष पूरी दिल्ली में 1,400 छठ घाटों पर विशेष प्रबंध किए हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मूल सार



लोकतंत्र का मूल सार ही यह है कि सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास, सच्चाई और साहस के साथ दिए जाएं। राहुल गांधी की चुनौती इसी लोकतांत्रिक परंपरा को आगे बढ़ाने के बारे में है। आइए, बहस के लिए मंच तैयार करें, खुली बातचीत करें।
- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री

करंट अफेयर

हुआंग की ताइवान में छवि धूमिल, लोकप्रियता भी घटी

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग अपने जन्मस्थान ताइवान में किसी रॉक स्टार की तरह लोकप्रिय थे। हालांकि, एक कथित चीनी एजेंट के साथ उनके प्रेम संबंधों की अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद उनकी यह छवि धूमिल हो गई है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ताइवान में भी हुआंग और एलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के संबंधों को लेकर सामने आए विवाद से लोग हैरान हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कथित तौर पर एलिस को चीनी जासूस बताया है। वर्ष 2025 में राजधानी ताइपे के एक रेस्तरां में दोनों के जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और दुनियाभर के समाचार माध्यमों में प्रसारित हुआ। हुआंग ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। बुधवार देर रात मीडिया में आई उन खबरों के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं, जिनमें कहा गया था कि एनवीडिया के एक कर्मचारी के साथ भी उनके विवाहेतर संबंध थे और वह कर्मचारी सीधे उन्हें रिपोर्ट करता था।



ऑफ बीट

बच्चे को नुकसान पहुंचाने के डरावने विचार आना सामान्य

माता-पिता बनने की खबर दोस्तों और परिवार को देते ही आपको उनकी ओर से ढेरों सलाह मिलने लग जाती हैं। हर कोई बताने लगता है कि बच्चे की देखभाल कैसे करनी है, किन बातों का ध्यान रखना है और क्या करना चाहिए। लेकिन इस दौरान होने वाले एक ऐसे आम अनुभव के बारे में शायद ही कोई बात करता है, जिसका असर माता-पिता की मानसिक सेहत पर लंबे समय तक रह सकता है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'पेरिनेटल इंट्रूसिव थॉट' (प्रसवकालीन अनचाहे विचार) कहा जाता है यानी गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद के पहले वर्ष में अचानक मन में अवांछित, डरावने और परेशान करने वाले विचारों का आना। ये ऐसे विचार होते हैं जो अचानक मन में आते हैं और ये नकारात्मक होते हैं। आमतौर पर ये उन घटनाओं से जुड़े होते हैं जिनसे हम डरते हैं या जिन्हें घटित होते नहीं देखना चाहते। मसलन, किसी बैठक में अचानक मुंह से कोई अनुचित बात निकल जाने का ख्याल आना। बच्चे के जीवन के पहले वर्ष को यहां प्रसवकालीन अवधि कहा गया है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्टा कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थ्री-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टेच्यू स्थापित, बोलीं- 'यह गर्व का पल'



जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जयपुर में अपने वैक्स स्टेच्यू (मोम के पुतले) का अनावरण किया और इसे अपने लिए गर्व का पल बताया। नाहरगढ़ के 'हिस्टॉरिका म्यूजियम' की ओर से तैयार किए गए इस 'वैक्स स्टेच्यू' को अब आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर हरमनप्रीत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है। उन्होंने पहली बार अपने इस 'पुतले' को देखा और इसे बनाने वाले लोगों का आभार जताया। आयोजकों के अनुसार हरमनप्रीत की उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलब है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवंबर 2025 को महिला एक दिवसीय विश्व कप का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जयपुर वैक्स म्यूजियम ने उनका मोम का पुतला बनाने की घोषणा की थी।

लालरेमसियामी बनीं मिजोरम की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता



आइजोल। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली मिजोरम की पहली खिलाड़ी बन गईं। छब्बीस वर्षीय लालरेमसियामी उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना था। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया। मिजोरम के उत्तरी हिस्से में असम की सीमा से सटे कोलासिब जिले की रहने वाली लालरेमसियामी ने कम उम्र में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 2011 में 11 साल की उम्र में उन्होंने थेनजॉल स्थित राज्य सरकार की हॉकी अकादमी में दाखिला लिया। इसके बाद 2016 में वह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय हॉकी अकादमी में शामिल हो गईं। लालरेमसियामी ने अक्टूबर 2011 में जूनियर नेहरू हॉकी टूर्नामेंट से राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। बाद में 2016 में एशिया कप के लिए उनका चयन भारत की अंडर-18 टीम में हुआ।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन, बाहर हुए श्रीकांत



कुमामोतो। लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।

निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिले 13 पदक



दोहा। भारत ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को प्रदर्शन निराशाजनक रहा। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी 134 के संयुक्त स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि जोरावर सिंह संधू और नीरू धांडा की जोड़ी 132 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था।

विश्व चैंपियनशिप टूर में अर्जुन एरिगैसी ने बिबिसारा को दी मात

बुडापेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की। प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया। वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली।

कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए महिला टीम का चयन

10 महिला पहलवानों में से 6 हरियाणा की खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाली आगामी सीनियर तथा दूसरे चरण की अंडर-17 और अंडर-20 कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप के लिए महिला पहलवानों की चयन ट्रायल शुक्रवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन ट्रायल्स में देश भर की दिग्गज महिला पहलवानों ने दमखम दिखाया, जिसमें हरियाणा की बेटियों का एकतरफा दबदबा देखने को मिला। सीनियर वर्ग के विभिन्न



भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल करने वाली चयनित पहलवानों की सूची में 50 किग्रा में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की नीलम, 53 किग्रा में हरियाणा की निशु, 55 किग्रा में महाराष्ट्र की अहिल्या शिंदे, 57 किग्रा में हरियाणा की सिमरन और 59 किग्रा में हरियाणा की नेहा सांगवान शामिल हैं। इनके अलावा 62 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की पुष्पा, 65 किग्रा में हरियाणा की जानवी, 68 किग्रा में दिल्ली की सृष्टि, 72 किग्रा में महाराष्ट्र की अमृता पुजारी और 76 किग्रा में हरियाणा की काजल ने पहला स्थान हासिल कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

हरियाणा सरकार | गो भारत | UVA | हरियाणा युवा शक्ति

जिला युवा महोत्सव 2026

19–20 नवम्बर, 2026

हरियाणा की युवा प्रतिभा को मंच देने का सुनहरा अवसर!

हर जिले के युवाओं के लिए!

अपनी कला दिखाएं • अपनी पहचान बनाएं • राज्य स्तर तक पहुंचें

प्रतियोगिताएं:
1. समूह लोक नृत्य
2. समूह लोक गीत
3. नुक्कड़ नाटक
4. कविता लेखन
5. पेंटिंग
6. लोक वाद्य यंत्र समूह
(राज्य स्तर तक)

समूह लोक नृत्य | समूह लोक गीत | नुक्कड़ नाटक | कविता लेखन | पेंटिंग | लोक वाद्य यंत्र समूह

नकद पुरस्कार: ₹2,100 से ₹41,000 तक

आयु सीमा : 15–29 वर्ष
पंजीकरण की अंतिम तिथि :16 नवम्बर, 2026

आज ही पंजीकरण करें! अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए अपने नजदीकी राजकीय ITI में संपर्क करें!
अपने दोस्तों और कॉलेज/युवा क्लब के साथियों को भी बताएं!

आयोजक: युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी, 74 देशों में कामकाज ठप

एजेंसी ▶▶ शिकागो

माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी से दुनियाभर के 74 देशों की बड़ी कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के कामकाज पर असर पड़ा है। वहीं, दूसरी ओर एंथ्रोपिक का लोकप्रिय एआई चैटबॉट क्लॉड भी अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। दुनिया भर के यूजर्स को लॉगिन करने और अपनी जरूरी फाइल्स या कोड एक्सेस करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट में खराबी आने से हांगकांग में बैंकिंग सेवा, ऑस्ट्रेलिया में खुफिया और पुलिस सर्विस के कामकाज में परेशानी आई। इधर, जापान में सरकारी सिस्टम और फिलीपींस में

भारतीय एयरलाइंस पर बड़ा असर, 3 रद्द, 2 लेट हुईं

अदालतों का कामकाज प्रभावित हुआ। कई जगह स्कूलों, अस्पतालों का कामकाज ठप हो गया। भारत में हवाई सेवाओं पर इसका असर दिखा। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट ने दिल्ली से उड़ान भरने वाली 3 फ्लाइट्स रद्द कर दीं, जबकि दरभंगा और मुंबई जाने वाली 2 फ्लाइट्स लेट हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी करके यात्रियों से एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक करने को कहा है। इंडिगो और अकासा एयर ने भी एडवाइजरी जारी की।

ऑस्ट्रेलिया की खुफिया सर्विस-पुलिस पर पड़ा असर
जापान में सरकारी सिस्टम, हांगकांग में बैंकिंग ठप

माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस 15 घंटे से ठप

दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट की जरूरी ऑनलाइन सेवाएं करीब 15 घंटे से ठप हैं। ईमेल भेजने, ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने जैसे काम रुक गए हैं। वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, दुनियाभर से अकेले माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक न चल पाने की 1.40 लाख से ज्यादा शिकायत मिली हैं। माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया है कि सिस्टम में खराबी सॉफ्टवेयर के गलत तरीके से अपडेट होने की वजह से आई, लेकिन अब तक इसे ठीक नहीं किया जा सकता है।



एंथ्रोपिक का क्लॉड एआई भी डाउन

जानकारी के अनुसार शुक्रवार 13 नवंबर को एंथ्रोपिक के क्लॉड एआई प्लेटफॉर्म पर अचानक गंभीर तकनीकी समस्याएं देखने को मिलीं, जिससे दुनियाभर के यूजर्स को अपनी सेवाओं का इस्तेमाल करने में रुकावटें आईं। इस दौरान लोगों को क्लॉड डॉट एआई और क्लॉड कोड खोलने में लॉगिन से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कंपनी ने दोपहर के समय अपने आधिकारिक स्टेटस पेज के जरिए इस गड़बड़ी की पुष्टि की और कहा कि वह ऑथेंटिकेशन से जुड़ी समस्याओं की गंभीरता से जांच कर रही है।



टिप की वसूली: ओला पर 10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। कैब बुकिंग ऐप ओला पर यात्रियों से अतिरिक्त पैसे मांगने के मामले में 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ओला का संचालन करने वाली कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को यह जुर्माना लगाया है। साथ ही इसे बंद करने का आदेश दिया है। जांच में सामने आया कि ऐप पर पहले इस फीचर को 'टिप' और बाद में 'ऐड-ऑन' नाम दिया गया। यात्रियों को संदेश दिखाकर बताया जाता था कि अतिरिक्त पैसे देने से जल्दी कैब मिलने की संभावना बढ़ सकती है।



किश्तवाड़ में 2 एसपीओ की हत्या का मामला

3 आतंकियों के पोस्टर जारी कुल 30 लाख रुपये का इनाम

पहचान गोपनीय रखने का भरोसा | हिजबुल कमांडर सरूरी पर शक

हेलिकॉप्टर ड्रोन से तलाश जारी



तीन आतंकियों के पोस्टर जारी

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। किश्तवाड़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं।

इनमें मोहम्मद अमीन उर्फ जहांगीर सरूरी, रियाज अहमद उर्फ हजारी और मुदस्सिर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को कुल 30 लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आतंकियों पर एसपीओ की हत्या में शामिल होने का आरोप है। आम लोगों से उनकी गतिविधियों और ठिकानों के बारे में जानकारी देने की अपील की गई है। सूचना देने के लिए 9797900958 और 1995357494 नंबर जारी किए गए हैं।

खुलासा: आतंकियों ने दागी थीं आर्मर-पियर्सिंग गोलियां

इस मामले में जांच के दौरान मिले सबूतों से यह खुलासा हुआ है कि आतंकवादियों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए बेहद घातक आर्मर-पियर्सिंग गोलियों का इस्तेमाल किया था। ये गोलियां इतनी शक्तिशाली थीं कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवानों के बॉडी आर्मर (बुलेटप्रूफ जैकेट) को भी भेद दिया। इसी वजह से सुरक्षा कवच पहने होने के बावजूद जवानों को गंभीर चोटें आईं। शुरुआती फॉरेंसिक और बैलिस्टिक जांच में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि हमलावरों ने इस हमले में एके-47 राइफलों का उपयोग किया था। बता दें, आर्मर-पियर्सिंग बुलेट्स विशेष रूप से बुलेटप्रूफ जैकेट, बख्तरबंद गाड़ियों और सुरक्षा कवच को चीरने के लिए बनाई जाती हैं।

पीओके में यात्री वाहन नदी में गिरा, 11 की मौत



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में एक यात्री वाहन के नदी में गिरने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा गुरुवार शाम उस समय हुआ, जब वाहन गिलगित से गिजर जिले की यासीन घाटी जा रहा था। मोरकाह पुल के पास चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण वाहन यासीन नदी में जा गिरा। बचाव दल ने दो महिलाओं सहित 10 यात्रियों के शव बरामद किए और एक बच्चे सहित तीन घायल यात्रियों को बचाया।

क्या 'हनी ट्रैप' का शिकार हुए जेनसन हुआंग? या पर्दे के पीछे कुछ और कहानी

एनवीडिया को खरीदेंगे एलन मस्क! हुआंग को दिया अपनी कंपनी में नौकरी का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है

अमेरिका के सबसे प्रभावशाली प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों में शुमार एनवीडिया के संस्थापक और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग को विवाहेतर संबंधों से जुड़े विवाद के बाद अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम ने जासूसी की एक सदियों पुरानी रणनीति 'हनी ट्रैप' यानी प्रेमजाल के जरिये किसी को फंसाकर उससे गोपनीय सूचनाएं हासिल करने के हथकंडे की ओर भी दुनिया का ध्यान खींचा है।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, हुआंग के सिंगापुर में रहने वाली कारोबारी अधिकारी एलिस हुआंग और दूसरी महिला किम्बर्ली पॉवेल जो एनवीडिया की हेल्थकेयर विभाग की उपाध्यक्ष हैं और सीधे हुआंग के अधीन काम करती थीं के साथ विवाहेतर संबंध थे। एलिस पर चीन की खुफिया एजेंसियों से कथित संबंध होने का संदेह जताया गया है।

एनवीडिया एक देश होता तो अर्थव्यवस्था में चौथे स्थान पर होता

चीन ने जासूसी के आरोपों को बेबुनियाद बताया



एलन मस्क और जेनसन हुआंग फाइल फोटो

5 ट्रिलियन की कंपनी है एनवीडिया

वर्तमान में एनवीडिया का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 450 लाख करोड़ रुपए से अधिक) है। यह दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस (एआई) और चिप निर्माण की बढ़ती मांग के कारण 4 ट्रिलियन और फिर 5 ट्रिलियन का आंकड़ा पार करने वाली इतिहास की पहली कंपनी बनी है। वर्तमान में एनवीडिया का मार्केट कैप लगभग 5.0 से 5.7 ट्रिलियन डॉलर के बीच है।

पूरा घटनाक्रम हुआंग के खिलाफ 'बड़ी साजिश'



एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरुआत में जासूसी के आरोपों को 'बेबुनियाद' बताया और कहा कि ये बीजिंग के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं। जिस मेगास्पीड कंपनी में एलिस हुआंग थी उस कंपनी ने भी जासूसी के आरोपों का खंडन किया है।

मस्क और हुआंग के बीच गहरे संबंध: जब एनवीडिया के बोर्ड द्वारा हुआंग को हटाने की चर्चा चल रही थी, तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक यूजर ने मस्क से आग्रह किया कि वे जेनसन को नौकरी पर रख लें।



भारत समिट में 115 विदेशी मेहमानों की एंट्री पर लगाई रोक : शशि थरूर

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि 'भारत समिट' में बोलने के लिए आमंत्रित किए गए विदेशी वक्ताओं को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। तीन दिनों तक चलने वाला यह समिट गुरुवार को हैदराबाद में शुरू हुआ और शनिवार को समाप्त होगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो खुद भी इस कार्यक्रम के वक्ताओं में शामिल हैं, ने बताया कि 115 वक्ताओं को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया या उनके वीजा रद्द कर दिए गए। ऐसा संभवतः गृह मंत्रालय के निर्देशों पर किया गया है। विदेश मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम के लिए मंजूरी दिए गए 315 वक्ताओं में से 115 को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया या उनके वीजा रद्द कर दिए गए।

कांग्रेस नेता ने पोस्ट कर केंद्र पर साधा निशाना, तीन दिनों तक चलने वाला समिट शुरू

हनीट्रैप में फंसा सेना का जवान

विंग कमांडर ने पाकिस्तानी जासूस को लीक की युद्ध की रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना के एक कार्यरत विंग कमांडर ने हनीट्रैप में फंसकर भारत की युद्ध योजनाओं, लेह एयरबेस की परिचालन क्षमताओं और ड्रोन युद्ध से जुड़ी अति-संवेदनशील जानकारी एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को सौंप दी। यह खुलासा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में हुआ है कि इसके बदले पाक एजेंट ने अधिकारी को एक महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें भेजी थीं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल इस चार्जशीट में यह भी आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तानी हैंडलर ने अधिकारी को मैलवेयर (जासूसी सॉफ्टवेयर) भेजकर गोपनीय सैन्य जानकारी तक अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश की। जांच में सामने आया है कि 30 मई को गिरफ्तार किया गया यह अधिकारी 12 जनवरी से 1 अप्रैल, 2026 के बीच उस महिला के संपर्क में था। आरोप है कि उसे यह निर्देश दिया गया था कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप में यह सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करे।

पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में खुलासा



आयुष्मान योजना के करोड़ों कार्डधारकों को जोर का झटका!

प्राइवेट अस्पतालों में मोतियाबिंद समेत 112 बीमारियों का इलाज बंद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (एबी-पीएमजेएवाय) के नियमों में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इस फैसले का सीधा असर उन लाभार्थियों पर पड़ेगा जो अब तक निजी यानी प्राइवेट अस्पतालों में इन बीमारियों का मुफ्त इलाज कराते थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की नई तैयारी के मुताबिक, अब 112 बीमारियों और सर्जरी के पैकेज सिर्फ सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसका सीधा मतलब यह है कि अब लाभार्थी इन 112 बीमारियों का मुफ्त इलाज किसी भी निजी अस्पताल में नहीं करा सकेंगे।

एनएचए ने उपचार पैकेजों में किए बदलाव

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इस योजना के तहत सरकारी के साथ कई प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा दी जाती है। हालांकि, अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने योजना के कुछ उपचार पैकेजों को लेकर बदलाव करने का निर्देश दिया है। इसके तहत 112 तरह के इलाज सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित किए जाने हैं। इससे आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने के विकल्प कम हो सकता हैं।



नए बदलाव का यह है उद्देश्य

अब तक आयुष्मान योजना के तहत केवल 23 बीमारियों के पैकेज ही सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित थे, लेकिन अब इसमें 89 नए पैकेज जोड़े जा रहे हैं। इस कदम के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य निजी अस्पतालों पर होने वाले भारी खर्च को कम करना और सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाना है। एनएचए ने सभी राज्यों को पत्र भेजकर इसे पूरे देश में एक समान रूप से 1 दिसंबर 2026 से लागू करने का प्रस्ताव दिया है।

अब सिर्फ सरकारी अस्पतालों में होगा इन बीमारियों का इलाज

- आंखों की बीमारी: मोतियाबिंद और ग्लूकोमा (काला मोतिया) का ऑपरेशन
- महिलाओं से जुड़े रोग: हाई रिस्क डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन (हिस्ट्रेक्टमी) और एमटीपी (एमटीपी).
- पेट और लिवर के रोग: एल्कोहल लिवर डिजीज, हेपेटाइटिस, पेनक्रियाटाइटिस और डायरिया।
- सर्जरी और अन्य: फिस्टुला (भगंदर), सिस्ट (गांठ), बायोप्सी और सीवियर एनीमिया (गंभीर खून की कमी).
- मौसमी व सांस की बीमारियां: मलेरिया, चिकनगुनिया और एक्यूट ब्रोंकाइटिस.
- मानसिक स्वास्थ्य: तनाव प्रबंधन, एंजाइटी, मूड डिसऑर्डर, एडीएचडी (एडीएचडी) और अन्य मानसिक विकार